आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 24 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा लालू यादव का परिवार

## ■ 'जमीन के बदले नौकरी' घोटाला मामले में समन के बाद बढ़ी मुसीबत

## ■ राजद सुप्रीमो के सियासी वारिस के करियर के सामने पैदा हुई बड़ी चुनौती

**आजाद सिपाही विशेष**

भारत की राजनीति के सबसे 'विवादित' और 'घोटालेबाज' राजनीतिज्ञ लालू यादव अपने पूरे परिवार के साथ नये घोटाले में फंस गये हैं। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन देने के घोटाले में सीबीआइ द्वारा दायर आरोप पत्र पर अदालत द्वारा संज्ञान लिये जाने और समन जारी किये जाने के बाद से बिहार का यह सबसे प्रमुख राजनीतिक परिवार एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। इससे पहले जांच एजेंसियों द्वारा की गयी पूछताछ और छापामारी में लालू परिवार के सदस्यों के यहां से जो कुछ बरामद हुआ था, उससे पता चला कि यह घोटाला छह सौ करोड़ रुपये से अधिक का है। इसे लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा ही कहा जा सकता है कि उनके खिलाफ एक के बाद एक भ्रष्टाचार के आरोप लगाये जा रहे हैं। लालू यादव पहले से ही चारा घोटाला मामले के सजायाफ्ता हैं और सक्रिय राजनीति से बाहर हैं। लेकिन बिहार के अब तक के इस सबसे लोकप्रिय नेता का पतन भी उतनी ही तेजी से हुआ, जिस तेजी से बिहार छात्र आंदोलन की आंच में तप कर बाहर निकला युवा सफलता की सीढ़ियां चढ़ा था। इसे राजनीति की बिडंबना ही कहा जा सकता है कि जिस लालू यादव की छवि 'जन नेता' और 'पिछड़ों के मसीहा' के रूप में स्थापित है, वह एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहा है। इस पूरे प्रकरण का सबसे अहम पहलू यह है कि इसमें लालू के राजनीतिक वारिस तेजस्वी यादव भी फंसे हुए हैं और इस तरह उनके करियर के सामने बड़ी चुनौती पैदा हो गयी है। एकीकृत बिहार के बहुचर्चित चारा घोटाले के मामलों में सजायाफ्ता लालू यादव के लिए भले ही इस नये घोटाले से कोई राजनीतिक अंतर नहीं पड़ता हो, तेजस्वी यादव के राजनीतिक भविष्य पर जरूर काले बादल मंडराने लगे हैं। हालांकि उस कड़वी हकीकत को ध्यान में रखना चाहिए कि लालू यादव जब-जब विवादों में घिरे हैं, राजद को इसका राजनीतिक फायदा ही मिला है। शायद इसलिए भी लालू का परिवार बहुत चिंतित नहीं दिख रहा है। लेकिन घोटाले के दाग ने इस परिवार को जो बदनामी दी दी है, उससे छुटकारा पाने में तेजस्वी को कड़ी मेहनत करनी होगी। लालू परिवार के खिलाफ लगे नये आरोप क्या हैं, इनमें कितना दम है और इसका क्या असर हो सकता है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ानेवाले बिहार के अब तक के सबसे प्रमुख और प्रभावशाली राजनीतिक परिवार के खिलाफ भ्रष्टाचार का नया आरोप लगने के बाद स्वाभाविक रूप से सियासी माहौल गरम हो गया है। सीबीआइ ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में चार्जशीट दायर किया है। अदालत ने इस पर संज्ञान लेते हुए इन तीनों को पेश होने के लिए समन जारी कर दिया है। लालू यादव और उनके परिवार के खिलाफ यह आरोप पत्र ऐसे समय दाखिल किया गया है, जब करीब एक दशक से सक्रिय राजनीति से अलग रहे लालू यादव दोबारा सक्रिय हो रहे हैं और तेजस्वी यादव को बिहार का सीएम बनाने की कोशिश में जुटे हैं। इसलिए इस नये घोटाले ने लालू परिवार को नयी मुसीबत में डाल दिया है।

### क्या है लैंड फॉर जॉब घोटाला

यह मामला यूपीए सरकार के तहत रेल मंत्री के रूप में लालू के कार्यकाल के दौरान नौकरी के बदले जमीन लेने से संबंधित है। रेलवे के विभिन्न जोन में ग्रुप डी की नौकरी के बदले लोगों से जमीन की जबरन वसूली का मामला है। चार्जशीट के अनुसार जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि कई रेलवे जोन में भर्ती किये गये उम्मीदवारों में से 50 फीसदी से ज्यादा लालू यादव के परिवार के निर्वाचन क्षेत्रों से थे। एजेंसी का दावा है कि कथित रूप से गरीब माता-पिता से रिश्वत के रूप में ली गयी जमीन को बाद में बड़े प्रीमियम पर बेच दिया गया, जिसमें अर्जित धन मुख्य रूप से तेजस्वी के खातों में जा रहा था।

अदालत में दाखिल चार्जशीट के अनुसार जांच से पता चला है कि पटना और अन्य क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों पर जमीन के कई टुकड़े लालू यादव के परिवार को नौकरी दिलाने के एवज में मिले हैं। इन भूखंडों का वर्तमान बाजार मूल्य दो सौ करोड़ रुपये से अधिक है। एजेंसी ने इन जमीनों के लिए कई बेनामीदारों, शेल संस्थाओं और लाभकारी मालिकों की पहचान की है। यह संदेह है कि इस संपत्ति को खरीदने में बड़ी मात्रा में नकदी या अपराध की आय का उपयोग किया गया है। इस आय को छुपाने के लिए मुंबई की कुछ आभूषण का व्यवसाय करने वाली संस्थाओं से भी संपर्क साधा गया है। अपराध की आय वाली रकम को सेटल करने के लिए कई तरह की साजिश भी की गयी है। जांच में पाया गया है कि लालू यादव के परिवार द्वारा गरीब ग्रुप डी आवेदकों से महज साढ़े सात लाख रुपये में अधिग्रहित की गयी जमीनों के चार टुकड़े राबड़ी ने राजद के पूर्व विधायक सैयद अबू दोजाना को साढ़े तीन करोड़ रुपये में भारी लाभ के साथ बेचे।

### तनाव में लालू परिवार

लालू यादव और उनकी पार्टी राजद ने दावा किया है कि 'सत्तावादी और सांप्रदायिक विचारधारा' के प्रति उनके उग्र विरोध के कारण पूरे परिवार को निशाना बनाया जा रहा है। भले ही लालू और उनके परिजनों के खिलाफ यह आरोप राजनीतिक प्रतिशोध का मामला हो, लेकिन एक बात तय है कि परिवार के मुखिया लालू यादव की महत्वाकांक्षा ने पूरे परिवार को विवादास्पद स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। लालू और उनके परिवार के खिलाफ अधिकांश आरोप 2004 से 2009 के बीच के हैं, जब राजद प्रमुख केंद्रीय रेल मंत्री थे या 1997 से 2005 के दौरान के, जब उनकी पत्नी राबड़ी देवी बिहार की मुख्यमंत्री थीं। चारा घोटाला का मामला उस समय का है, जब लालू प्रसाद बिहार के मुख्यमंत्री थे।

### भ्रष्टाचार के दलदल में लालू

लालू यादव जिस तेजी से राजनीति की सीढ़ियां चढ़े, उसी तेजी से वह नीचे भी उतर आये। एकीकृत बिहार के बहुचर्चित पशुपालन घोटाले के कई मामलों में सजायाफ्ता होने के बाद चुनावी राजनीति से अलग जेल में बंद कर दिये गये लालू की पहचान आज भी 'जन नेता' और 'पिछड़ों की आवाज' के रूप में होती है। बिहार की राजनीति को नया आयाम देनेवाला यह करिश्माई नेता इस तरह एक के बाद एक भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरता जायेगा, इसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की थी। लेकिन कहा जाता है कि समय सबसे बलवान होता है और लालू के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ। समय के साथ कदमताल न करने की उनकी जिद और हमेशा एक महत्वाकांक्षा के प्रति हद तक प्रतिबद्धता उनके और उनके पूरे परिवार के लिए मुसीबतों का पहाड़ बन गयी है।

### विवादों से है पुराना नाता

लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों का पिछले ढाई दशक से सीबीआइ, इडी और आइटी जैसी एजेंसियों से करीब का रिश्ता रहा है। इन एजेंसियों की जब-जब सक्रियता बढ़ती है, तो लगता है कि लालू यादव का परिवार अब मटियामेट हो जायेगा, उसकी राजनीतिक हैसियत नेस्तनाबूद हो जायेगी। थोड़ा-बहुत इसका असर दिखा भी है, लेकिन यह भी सच है कि हर संकट के साथ लालू यादव का परिवार पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है। आज तो हालत यह है कि लालू के परिवार में तेज प्रताप यादव को छोड़ तकरीबन सभी केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं। इसके बावजूद बिहार की राजनीति की धुरी भी लालू यादव का परिवार ही बना हुआ है।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि लालू परिवार, खास कर तेजस्वी इस विवाद से कैसे बाहर निकलते हैं, क्योंकि उनके पास लालू का मार्गनिर्देश तो है, लेकिन उनके जैसा करिश्माई व्यक्तित्व नहीं है।

# झारखंड में सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार चरम पर: बाबूलाल

## 2024 में तीसरी बार मोदी सरकार, झारखंड में भाजपा सरकार बनाने का लें संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को चक्रधरपुर की संकल्प सभा में हेमंत सरकार पर जम कर बरसे। उनको सुनने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। उन्होंने कहा कि पूरा सिंहभूम की जनता डेंगू और मलेरिया से परेशान है, वहीं हेमंत सोरेन दलालों, बिचौलियों को बचाने में परेशान हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार,अपराध चरम पर है। खान खनिज, बालू पत्थर की लूट मची है। उन्होंने कहा कि राज्य में रोज हत्या, चोरी, अपहरण, डकैती की वारदात हो रही। बहन बेटियां घरों में सुरक्षित नहीं। बलात्कार, सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं आम हो गयी हैं। बेटियों को पेट्रोल से जलाया गया, पहाड़िया बेटी को टुकड़ों में काटा गया, लेकिन आज तक अपराधी को सजा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों



को प्रधानमंत्री आवास, छोटे मोटे निर्माण के लिए नदी से बालू लेने पर पुलिस पकड़ लेती है, लेकिन सरकार के संरक्षण में रोज हजारों ट्रक अवैध बालू बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मुंबई जा रहा, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती, क्योंकि कमीशन का पैसा ऊपर तक जाता है। उन्होंने कहा कि आज ब्लॉक, थाना सभी जगह भ्रष्टाचार है। राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, म्यूटेशन करने के लिए हजारों रुपये घूस देने पड़ते हैं। पदाधिकारी बोलते हैं मोबाइल की तरह पोस्ट को रिचार्ज करा कर आये हैं। वसूली तो करेंगे ही।

### सड़क पर वसूली में लगी है पुलिस

उन्होंने कहा कि पुलिस आज चोर, बदमाश, लुटेरों को नहीं पकड़ रही, बल्कि दिन रात वसूली कर रही। उन्होंने कहा कि हेमंत है तो दलालों, बिचौलियों को हिम्मत है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के रहते भ्रष्टाचार, अपराध से झारखंड को मुक्त नहीं कराया जा सकता।

मरांडी ने कहा कि झारखंड राज्य भाजपा की देन है और जब जब राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, यहां विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। लेकिन आज हेमंत सरकार सड़कों की मरम्मत नहीं करा रही। बिजली व्यवस्था ध्वस्त है। विद्यालयों में शिक्षक नहीं, अस्पतालों में डॉक्टर्स नहीं। युवा रोजगार की खोज में भटक रहे और हेमंत सरकार का नियुक्ति वर्ष आया ही नहीं। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन गरीबों का अनाज बेच कर अपनी तिजोरी भर रही। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी वर्गों के विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य कर दिखाया, जिसका वर्षों से इंतजार था। लोकसभा और विधानसभा में बहन बेटियों को 33%आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी।

## गिरफ्तारी के डर से इडी ऑफिस नहीं जा रहे सीएम, ये डर अच्छा है: बाबूलाल

**रांची (आजाद सिपाही)।** जमीन घोटाला मामले में चौथे समन के बाद भी सीएम हेमंत सोरेन इडी ऑफिस नहीं गये। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह डर अच्छा है। गलत करनेवाले हर व्यक्ति को कानून का डर होना ही चाहिए। चाहे वह कितना भी प्रभावशाली, पहुंच और पैसेवाला क्यों न हो। बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को डर है कि आदिवासियों की सैकड़ों एकड़ जमीन खुद हड़पने और मनी लॉड्रिंग में पूछताछ के लिए बुला रही इडी उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। इसी वजह से वह इडी के सामने पूछताछ के लिए जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

### काश पहले ही हो जाता कानून का डर

बाबूलाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली, तो अब गिरफ्तारी से बचने के लिए हाइकोर्ट की शरण में हैं। ये डर अच्छा है। काश कानून का यह डर हेमंत सोरेन को पहले ही आ गया होता, तो झारखंड और झारखंडियों को लूट-खसोट और आतंक देखने को नहीं मिलता, न ही देश दुनिया में झारखंड की इतनी बदनामी होती। हेमंत सोरेन को झारखंड से लेकर दिल्ली तक किसी भी तरह जेल जाने से बचने के लिए यहां-वहां मत्था टेकते घूमना नहीं पड़ता। मंहगे वकीलों पर गरीबों की गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपये भी खर्च नहीं करने पड़ते।

# कानून की नजर में आम और खास में फर्क नहीं होता: प्रतुल

**झामुमो के बयान पर भाजपा का तंज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के उस बयान की कड़ी निंदा की, जिसमें झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा था कि मुख्यमंत्री कोई आम आदमी नहीं है, जिनको जब चाहे जांच एजेंसी बुला ले। प्रतुल ने कहा कि कानून की नजर में राजा हो या रंक, सब बराबर होते हैं। पर यह बात वंशवादी पार्टियों के राजाओं और राजकुमारों को समझ में नहीं आयेगी। उनके लिए तो ऐसा प्रतीत होता है कि जमींदारी और महाजनी प्रथा आज भी जीवित है। जिन पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र नहीं होता, वहां अक्सर ऐसी सोच आ ही जाती है। प्रतुल ने कहा कि अगर झामुमो को लगता है कि सोरेन परिवार के लोग खास हैं, तो उनके लिए एक अलग कानून विधानसभा से पारित करके केंद्र सरकार को भेज दे। आज इस बयान से स्पष्ट हो गया है कि देश का कानून सोरेन राज परिवार पर लागू नहीं होता है और सोरेन परिवार खुद को झारखंड के आदिवासी मूलवासी समुदायों के समकक्ष नहीं, बल्कि अपने को उनसे ऊपर समझता है।

# अमन साहू गिरोह का मयंक सिंह सोशल मीडिया पर एक्टिव

## हथियारों की तस्वीरें कर रहा पोस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अमन साहू गिरोह का मयंक सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है। मयंक सिंह सोशल मीडिया पर हथियारों की तस्वीरें पोस्ट कर रहा है। उसने नेक्स्ट टारगेट लिख कर सोशल मीडिया पर एक-47, हैंड ग्रेनेड और पिस्टल की फोटो शेयर की है। इससे पहले भी मयंक सिंह ने अमन साहू की तस्वीर पोस्ट की थी।

**चाइबासा जेल में बंद है अमन साहू :** गौरतलब है कि बीते 20 अगस्त को कुख्यात अपराधी अमन साहू को चाइबासा जेल शिफ्ट किया गया है। वह जेल में रहते हुए भी झारखंड पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ है। जेल से ही अमन साहू कारोबारियों को टारगेट कर रहा है।

### दुमका जेल में बंद अमन साहू ने फर्जी तरीके से लिया सिम कार्ड

डीजीपी के आदेश के बाद एटीएस और सीआइडी संयुक्त रूप से अमन साहू गिरोह पर नकेल कसने की कोशिश कर रही है। अमन और उसके गैंग की गतिविधियों की समीक्षा के बाद पाया गया कि अमन साहू ने गिरिडीह के एक व्यक्ति के पते पर फर्जी तरीके से सिम कार्ड हासिल किया। उस सिम कार्ड का इस्तेमाल दुमका जेल से किया जा रहा था।

# एसपी की पहल पर 15 वर्षों के बाद मां से मिली पुत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** एसपी नौशाद आलम के आदेशानुसार एक पुत्री को उसकी मां से मिलवाया गया। राजमहल थाना अंतर्गत महाजनटोली में बिहार के कटिहार निवासी तमन्ना खातून की मां जरीना खातून बीते कई वर्षों से अपनी बहन के घर में थी। अपनी मां को घर ले जाने के लिए तमन्ना ने एसपी नौशाद आलम से भेंट कर मां को मुक्त कराने की गुहार लगायी थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने राजमहल पुलिस को



महिला को मुक्त करने का आदेश दिया था। बकौल तमन्ना जब वह पांच वर्ष की थी, तब उसकी मां अपनी बहन के यहां चली गयी थी। तमन्ना अपनी मां से मिल काफी प्रसन्न हुई। वहीं सुलेमान अंसारी ने बताया कि तमन्ना की मां आज से लगभग 18 से 20 वर्षों से उसके घर पर रह रही है। तमन्ना की मां का मानसिक संतुलन सही नहीं है।

## वैश्य मोर्चा की बैठक में राजकुमार मंडल चुने गये बोकारो जिला अध्यक्ष

# सताये लोगों की आवाज है वैश्य मोर्चा: महेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** गोमिया के पंचायत भवन में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बोकारो जिला स्तरीय बैठक केंद्रीय समिति के संगठन सचिव राजेश्वर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान महासचिव वीरेंद्र कुमार व केंद्रीय संगठन सचिव लखन अग्रवाल शामिल हुए। जबकि पर्यवेक्षक के तौर पर वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, केंद्रीय महासचिव दिनेश्वर मंडल एवं केंद्रीय सचिव राजेंद्र मंडल शामिल हुए। इसमें



आगामी 12 अक्टूबर को रांची में होने वाले 5वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारी और सांगठनिक सुदृढ़ीकरण के मुद्दे पर चर्चा हुई। बैठक में सभी लोगों ने एक स्वर में 5 वें स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने का संकल्प लिया। सांगठनिक सुदृढ़ीकरण के तहत सभा अध्यक्ष राजेश्वर साव ने राजकुमार मंडल को जिला अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव लाया, जिसका समर्थन सभी उपस्थित सदस्यों ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि सामाजिक संगठन चलाना तलवार की धार पर चलने के समान है। फिर भी यह जोखिम उठाने वाले का समाज को सम्मान करना चाहिए। श्री साहू ने कहा कि वैश्य मोर्चा समाज के दबे-कुचले और सताये गये लोगों की मजबूत आवाज है। अलग राज्य के आंदोलन में वैश्य समाज के लोगों ने भी कुर्बानी दी है। इसलिए वैश्यों को भी मान सम्मान और अधिकार चाहिए। वैश्य मोर्चा यही लड़ाई लड़ रही है। इस अवसर पर विनोद अग्रवाल, राजेश साव, वासुदेव साव, आरपी मंडल, सुखदेव साव, चैता साव, रघुनाथ प्रजापति, सूरज साव, खेमचंद साव, युवा मोर्चा सचिव करण मंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

24 सितंबर, 2023
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 334

19वें एशियन गेम्स का आगाज, बॉक्सर लवलीना और हरमनप्रीत ने थामा तिरंगा।






## देश को सौगात : प्रधानमंत्री ने काशी में शिवधाम जैसे स्टेडियम की रखी आधारशिला

# जो खेलेगा, वही खिलेगा: नरेंद्र मोदी

● प्रधानमंत्री ने कहा ये स्टेडियम शिवजी को समर्पित

### पीएम ने महिला आरक्षण का किया जिक्र, कहा: महिलाओं से कांप रही हैं राजनीतिक पार्टियां



आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मैं एक ऐसे दिन काशी आया हूं, जब चंद्रमा के शिवशक्ति पॉइंट पर भारत के पहुंचने का एक महीना पूरा हो रहा है। एक शिवशक्ति का स्थान चंद्रमा पर है और दूसरा शिवशक्ति का स्थान यहां काशी में है। उन्होंने कहा कि काशी में आज एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी गयी है। अब देश का मिजाज ऐसा बना है कि जो खेलेगा, वही खिलेगा।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी एयरपोर्ट से गंजारी स्थित जनसभा स्थल हेलिकॉप्टर से पहुंचे। फिर खुली जीप में लोगों के बीच गये। शिव धाम जैसे इंटरनेशनल स्टेडियम का शिलान्यास किया। मोदी ने हर-हर महादेव से भाषण की शुरुआत की। फिर भोजपुरी में कहा कि आज फिर से बनारस आवे के मौका मिलल हौ, जो आनंद बनारस में हौ, वह कहीं नहीं।

**खेल से लेकर राफेल तक उड़ा रहीं महिलाएं:** मोदी ने कहा कि ये स्टेडियम न सिर्फ वाराणसी, बल्कि पूर्वांचल के युवाओं के लिए वरदान जैसा होगा। युवा टैलेंट को तलाशना और तराशना जरूरी है। जबसे इस स्टेडियम की तस्वीरें बाहर आयी है, उन्हें देखकर हर काशीवासी गदगद हो गया है। ये स्टेडियम शिवजी को समर्पित है। यहां एक साथ 30 हजार लोग मैच देख सकेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा देश शुरू से पुरुष प्रधान रहा है। लेकिन जब से हमारी सरकार बनी है। खेल के मैदान से लेकर राफेल उड़ाने तक महिलाओं को अपनी प्रतिमा दिखाने का मौका मिला है।

**वोट लेने की राजनीति के लिए पैसे को खपा रहे:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रुद्राक्ष सेंटर भी गये। वह काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में शामिल हुए। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ज्यादातर राज्य वोट लेने की राजनीति के लिए पैसे को खपा रहे हैं। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन पैसों का उपयोग विद्यालय बनवाने में लगवा रहे हैं। यह पढ़ने वाले बच्चे ऐसे तैयार होंगे कि उनके परिवार को मजदूरी करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव से पता चला कि मेरी काशी और आसपास के जिले में कितनी प्रतिभा है। प्रधानमंत्री ने रुद्राक्ष सेंटर में 16 अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण किया। इसे 1,115 करोड़ रुपये की लागत से 16 मंडलों में बनाया गया है। उन्होंने अटल आवासीय विद्यालयों के बारें में सीएम योगी से जानकारी ली। उसके बाद अटल आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों से भी मिले।

### एक नजर में कैसा होगा स्टेडियम

- वाराणसी का स्टेडियम देश का 54वां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम होगा।
- वाराणसी रिंग रोड के किनारे गंजारी में 30.6 एकड़ में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम।
- यह स्टेडियम बेहद खास होगा और इसमें काशी की झलक दिखेगी।
- इसके छत का आकार चांद के समान होगा।
- स्टेडियम में लगने वाली लाइटों के खंभे त्रिशूल के आकार के होंगे।
- भगवान शिव को चढ़ाए जाने वाले बेलपत्र की आकृति भी स्टेडियम में देखने को मिलेगी।
- स्टेडियम में पवेलियन के मीडिया सेंटर की बनावट डमरू के आकार की होगी।
- इसके निर्माण पर 400 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।
- इसमें 30,000 लोगों के बैठने की क्षमता होगी।
- स्टेडियम 30 महीने में बनकर पूरा होगा।

### नारी शक्ति का अभिनंदन

प्रधानमंत्री गंजारी में संपूर्णानंद स्टेडियम में नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने महिलाओं से कहा कि आप नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ही लीजिए। तीन दशकों से यह कानून लटका था। यह आपकी ही ताकत है कि संसद के दोनों सदनों में ऐसी-ऐसी पार्टियों को इसके समर्थन में आना पड़ा, जो पहले विरोध करते नहीं थकते थे। आप माता-बहनें जागरूक और एकजुट बनी है। यही वजह है कि हिंदुस्तान की सभी राजनीतिक पार्टियां अब आपसे डर रही हैं, कांप रही हैं।

## सचिन तेंदुलकर ने पीएम मोदी को 'नमो' लिखी हुई जर्सी दी



**वाराणसी (आजाद सिपाही)।** स्टेडियम के शिलान्यास में कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, रवि शास्त्री, कपिल देव, बीसीसीआइ अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इस मौके सचिन तेंदुलकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारतीय जर्सी भेंट की। जिस पर 'नमो' लिखा हुआ है। सचिन तेंदुलकर से जर्सी लेते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी ज्यादा खुश नजर आ रहे थे। इससे पहले सभी खिलाड़ी बाबा विश्वनाथ दरबार पहुंचे। बाबा का जलाभिषेक किया।

### न्यूज रील्स

#### नागपुर में 4 घंटे में 4 इंच बारिश, महिला की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के नागपुर में गुरुवार से लगातार बारिश हो रही है। शनिवार को यहां 4 घंटे में ही 4 इंच यानी 100 मिलीमीटर बारिश हो गयी। अंबाझरी लेक ओवरफ्लो होने के कारण निचले इलाकों में पानी घुस गया है। इससे शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गये हैं। एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेन्द्र फड़णवीस ने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। अब तक करीब 500 लोगों का रेस्क्यू किया गया है।

#### आतंकी निज्जर के घर एनआइए का नोटिस

जालंधर। कनाडा में मारे गये खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के पंजाब स्थित घर पर नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआइए) ने संपत्ति जब्त करने का नोटिस चिपकाया है। निज्जर का घर जालंधर के गांव भारसिंहपुरा (फिल्लौर) में है। जिस पर ताला लगा हुआ है। यहां शनिवार को एनआइए की टीम पहुंची और संपत्ति जब्त किये जाने संबंधित नोटिस चिपकाया।

#### इंडिया का नाम भारत करना चाहती थी सरकार: राहुल

जयपुर। जयपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस ने वादा किया कि यदि केंद्र में सरकार आती है तो महिला आरक्षण तत्काल दिया जायेगा। सम्मेलन में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश का नाम बदलना चाहती थी। वे इंडिया का नाम भारत करना चाहते थे, इसीलिए संसद का विशेष सत्र बुलाया था, लेकिन इसे रोकर महिला आरक्षण बिल ले आये। उन्होंने कहा कि पूरे विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन किया। हम चाहते हैं कि महिला आरक्षण आज से ही लागू हो।

#### डीयू चुनाव: तीन पदों पर एबीवीपी की जीत

नयी दिल्ली। दिल्ली विश्व विद्यालय में छात्र संत्र चुनाव के परिणाम सामने आ चुके हैं। जिसमें एबीवीपी ने तीन पदों पर बाजी मारी है और वहीं एनएसयूआइ ने एक पद जीता है। अध्यक्ष पद पर एबीवीपी की ओर से तुषार डेढ़ा ने जीत हासिल की है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर एनएसयूआइ के अभि दहिया ने जीत हासिल की है। सचिव पद पर एबीवीपी की अर्पिता और सह सचिव पद पर एबीवीपी के सचिन बैंसला ने जीत हासिल की।

#### लद्दाख में सेना ने फिर लहराया परचम

लद्दाख। लद्दाग की दुर्गम चोटियों में से एक माउंट कांग यात्से-2 पर एक बार फिर सेना ने अपना परचम लहराया है। यहां आठ भारतीय सेना की टीम ने चढ़ाई कर उपलब्धि हासिल की है। इस टीम का गनर्स है, जिसने सियाचिन की सेना पर्वतारोहण संस्थान के त्वावधान में 19-20 सितंबर को माउंट कांग यात्से-2 (6223 मीटर) सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की है। एक्स पर पोस्ट कर टीम ने खुशी जाहिर की है।

## मुख्यमंत्री गये हाइकोर्ट इडी को भेजी चिट्ठी

इडी ने शनिवार को पेश होने के लिए भेजा था समन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के समन पर पूछताछ के लिए नहीं गये। इडी ने भूमि घोटाला मामले में चौथी बार उन्हें समन भेज कर पूछताछ के लिए शनिवार को रांची स्थित जोनल कार्यालय बुलाया था। मुख्यमंत्री ने अपने कर्मी के द्वारा इडी को पत्र भेजा। इस बीच उन्होंने इडी के समन के खिलाफ हाइकोर्ट का रुख किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने शनिवार को 11 बजकर 7 मिनट पर याचिका दायर की और इडी की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग करते हुए इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। सीएम ने हाइकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश को अपना केस लड़ने के लिए नियुक्त किया है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने इडी के समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाइकोर्ट जाने का निर्देश दिया था। इस बीच इडी ने 17 सितंबर को मुख्यमंत्री को समन भेजकर शनिवार को कार्यालय बुलाया था। वह इडी कार्यालय नहीं पहुंचे।



### क्या है पत्र में

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पत्र लेकर सीएमओ कर्मी सूरज कुमार शनिवार को इडी दफ्तर पहुंचे। सूरज ने पत्रकारों से बात नहीं की। केवल इतना कहा कि वह सीएमओ से पत्र देने आये थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार हेमंत सोरेन ने पत्र में हाइकोर्ट में सुनवाई होने तक कोई कार्रवाई नहीं करने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में उन्होंने हाइकोर्ट में याचिका दायर की है। यह याचिका फिलहाल कोर्ट में लंबित है, इसलिए इडी से अनुरोध है कि जब तक हाइकोर्ट में मामले की सुनवाई न हो जाये और फैसला न आ जाये, तब तक कोई कार्रवाई न की जाये।

## सीआइडी की चार्जशीट पर हुई आरोपियों को सजा

फर्जी चेक बना कर राशि निकासी के सात आरोपियों को सात-सात साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सीजेएम मनीष कुमार शर्मा की अदालत में शनिवार को फर्जी चेक बना कर आइटीडीए विभाग का नौ करोड़ 5 लाख 16 हजार रुपये का क्लोन चेक बनाकर उसमें फर्जी हस्ताक्षर कर अवैध राशि निकासी करने के मामले में सजा सुनायी गयी। जिसमें अभियुक्त मनीष जैन, राज कुमार तिवारी, मनीष कुमार पांडेय, पंकज तिग्गा, गणेश लोहरा, इकबाल, व सज्जन राय उर्फ विवेक को धारा 467 के तहत सात-सात साल की सजा व 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह साधारण कारावास की सजा भुगतना पड़ सकता है। बताते चलें कि मामला 2019 का है।

**क्या है मामला :** एसबीआइ गुमला की शाखा में कार्यरत कर्मियों और पदाधिकारियों की मिली भगत से 9 करोड़ 50 लाख की अवैध निकासी कर ली गयी थी। इस मामले के अनुसंधान का प्रभार 21/5/2020 को सीआइडी ने लिया था। उस समय में अनिल पालटा सीआइडी के एडीजी थे। इस कांड के अनुसंधानक डीएसपी जेपीएन चौधरी बनाये गये थे। जिन्हें बाद में बेहतर अनुसंधानक का अवार्ड मिला। सीआइडी ने उस समय पूरे मामले का उद्भेदन किया था और 8 करोड़ की राशि वापस ले ली थी। इस ब्लाइंड केस का खुलासा करने में सीआइडी की पूरी टीम को काफी मेहनत करनी पड़ी थी। इस मामले में गणेश लोहरा, पंकज तिग्गा, राजकुमार तिवारी, मनीष कुमार पांडेय, इकबाल अंसारी, साजन उर्फ मनीष जैन और निर्भय कुमार के विरुद्ध चार्जशीट सुपुर्द किया गया था। पूरे मामले का अनुसंधान उस समय के एडीजीपी अनिल पालटा के निर्देश पर हुआ था। शनिवार को आरोपियों को सजा मिली है।

## वन नेशन वन इलेक्शन कमेटी की पहली बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एक देश, एक चुनाव के लिए केंद्र सरकार की बनायी उच्चस्तरीय समिति की शनिवार को पहली बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि एक साथ चुनाव के मुद्दे पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के विचार लिये जाएंगे। इस मुद्दे पर सुझाव देने के लिए विधि आयोग को भी बुलाया जायेगा। दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में हुई इस बैठक में अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समेत बाकी सदस्य शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में 2 सितंबर को बनी इस कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 सदस्य हैं।




## पीएम मोदी आज रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन को ऑनलाइन दिखायेंगे हरी झंडी

सामान्य परिचालन 27 सितंबर से होगा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को रांची-हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हरी झंडी दिखायेंगे। ट्रेन संख्या 02098 रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन उद्घाटन के बाद रांची से दिन के 12:30 बजे प्रस्थान करेगी। इसका सामान्य परिचालन 27 सितंबर से होगा।



ट्रेन संख्या 02098 सप्ताह में छह दिन (मंगलवार छोड़ कर) प्रस्थान करेगी। रांची प्रस्थान सुबह 05:15 बजे, मूरी से प्रस्थान 06:17 बजे, कोटशिला से प्रस्थान 06:40 बजे, पुरुलिया से प्रस्थान 07:17 बजे, चांडिल से प्रस्थान 07:57 बजे, टाटानगर से प्रस्थान 08:45 बजे, खड़गपुर से प्रस्थान 10:32 बजे और हावड़ा आगमन 12:20 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 20897 हावड़ा-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस 27 सितंबर से सप्ताह में छह दिन (मंगलवार छोड़ कर) हावड़ा से प्रस्थान करेगी। हावड़ा से प्रस्थान दोपहर 03:45 बजे, खड़गपुर से 05:20 बजे, टाटानगर से प्रस्थान 07:10 बजे, चांडिल से प्रस्थान 07:55 बजे, पुरुलिया से प्रस्थान 08:35 बजे, कोटशिला से प्रस्थान 09:15 बजे, मूरी से प्रस्थान 09:40 बजे और रांची आगमन रात 10:50 बजे होगा। इन ट्रेनों में वातानुकूलित चेयर कार के सात कोच सहित कुल आठ कोच होंगे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 24 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## जगन्नाथ जैन महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** जगन्नाथ जैन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइ ने एनएसएस के स्थापना दिवस पर जेजे कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस आयोजन में रेड क्रॉस सोसाइटी और कोडरमा जिला वोलेंटियर ब्लड डोनर एसोसिएशन ने सहयोग किया। समंवयक डॉ अशोक अभिषेक ने अतिथियों का परिचय कराते हुए सभी का स्वागत किया और रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रिमझिम रुखरियार ने इस आयोजन के उद्देश्य को बताते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मिथिलेश उपाध्याय की अनुमति से रक्तदान शिविर का आरंभ किया। प्राचार्य ने सभी रक्तदाताओं का अभिनंदन करते हुए उन्हें इस पुनीत और श्रेष्ठ कार्य के लिए साधुवाद किया। रक्तदान शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ आर के दीपक, उपाध्यक्ष डॉ सुजीत राज, सह मंत्री अरविंद सेठ तथा सदर अस्पताल के टेक्नीशियन अमित कुमार, सूरज कुमार, निखिल कुमार, कोडरमा डिस्ट्रिक्ट वोलेंटियर ब्लड डोनर एसोसिएशन के अध्यक्ष रीतेश माधव, सचिव विशाल सिंह, सदस्य विशाल कुमार, आकाश कुमार ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। महाविद्यालय के 63 वर्षीय वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार ने रक्तदान कर युवाओं के समक्ष एक मिशाल कायम किया। इस शिविर में शिक्षक डॉ विजेंद्र कुशवाहा, डॉ दीपक कुमार, अतुल सिंह, विपुल सिंह, बालेश्वर यादव, अशोक यादव, विमलेश राम, आनंद, सद्दाम समेत बीएड के छात्रों आर्यन सिंह, कुंदन कुमार, हिमांशु कुमार और अन्यों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस की समन्वयक डॉ रिमझिम रुखरियार, रीतेश माधव, शुभम कुमार, विपुल सिंह, अमरीश कुमार और संजीव सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों ने सार्वजनिक गणपति पूजा का भ्रमण कराया



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर (पेठीयाबागी) जयनगर के प्रधानाचार्य राजकुमार प्रसाद ने विद्यालय के भैया बहनों को सार्वजनिक गणपति पूजा जयनगर मंदिर का भ्रमण कराया। सार्वजनिक गणपति पूजा के पदाधिकारी के द्वारा भैया बहनों के बीच में प्रसाद वितरण किया गया। वहीं आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज, विष्णु कांत शास्त्री ने भैया बहनों को रक्षा सूत्र और तिलक लगाकर स्वागत किया। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष राजेश साव, सचिव सुरेंद्र भाई मोदी, आचार्य रानी कुमारी, ज्योति कुमारी, सपना कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता के सफल छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आइडियल प्रोगेसिव स्कूल पावर हाउस डंडाडीह में अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। जिसमें वर्ग दशम ए प्रथम श्याम, द्वितीय सूरज, तृतीय अजय, वर्ग दशम बी प्रथम अंशु, द्वितीय चांदनी, तृतीय सीमा, वर्ग नवम ए प्रथम नवीन, द्वितीय संदीप, तृतीय आर्यन, वर्ग नवम बी प्रथम निशा, द्वितीय प्रकृति, तृतीय रिया, वर्ग अष्टम ए प्रथम नितेश, द्वितीय पंकज, तृतीय मनीष, अष्टम बी प्रथम अंशु, द्वितीय राजनंदनी, तृतीय दीमांशु, वर्ग सप्तम ए प्रथम निधि, द्वितीय नैतिक, तृतीय लाजवंती, सप्तम बी प्रथम अभिजीत, द्वितीय साकिब, तृतीय सूरज सहित कई लोगों को विद्यालय के निदेशक कन्हाई चंद्र यादव, प्राचार्य रामकृष्ण यादव ने सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक राजेंद्र राम, राजेंद्र यादव, रणजीत राणा, शिव शंकर यादव, दीपक पांडेय, मुकेश कुमार, युनुस अंसारी, शंभू राणा, चमेली शर्मा, उपेंद्र साहू, अंजली कुमारी, अजय यादव, यशोदा कुमारी, गुलफ्सा खातून, संदीप सिंह, सुनील कुमार, धीरज कुमार, रौशन शर्मा, किशोर कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## डीएवी स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के अंतर्गत प्रातः कालीन सभा में स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें भाषण, प्रश्नोत्तरी, स्वरचित नारा बोलो तथा डायलॉग रहा। तत्पश्चात बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलायी गयी। कक्षा 11वीं के आशुतोष अपने भाषण में बताया कि कृमि संक्रमण विभिन्न कारकों से हो सकता है। जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता की कमी, कच्चा और दूषित भोजन करना भी शामिल है। इस बीमारी में पेट दर्द, दस्त, उल्टी, थकान बिना कारण वजन घटना जैसी समस्याएं शामिल होती हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इस अभियान के आयोजन की तैयारी पूर्व से कर रखी थी फलतः सभी कार्यक्रम बड़े ही सुचारू रूप से संपन्न हुए। बच्चों को पंक्तिबद्ध कर कक्षा अनुसार एल्बेंडाजोल की गोलियां पूरी सावधानी के साथ खिलायी गयी। यह कार्यक्रम लक्ष्मी कुमारी, अलका वर्मा, शुभश्री रथ, शिल्पी गुप्ता, अनिल कुमार, अमिता सिन्हा और अन्य वरिष्ठ शिक्षकों की देखरेख में संपन्न हुआ।

## जल जीवन मिशन के तहत कार्यशाला



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सतडीहा पंचायत, योगियाटील्ह पंचायत सचिवालय में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल गुणवत्ता निगरानी तथा अनुश्रवन से संबंधित पंचायत के सभी जलसहिया, जल सखी व वार्ड सदस्यों को जल की गुणवता जांच से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया इरफान अंसारी, मुखिया सविता देवी व कनीय अभियंता प्रमोद कुमार सिन्हा मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान मुखिया इरफान अंसारी ने सभी जल सहिया को जल की गुणवता जांच करने हेतु फिल्ड टेस्ट कीट दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि आज दूषित जल के सेवन से कइ बीमारियां हो रही है। उन्होंने कहा की अगर हम अपने-अपने पेयजल श्रोत की जांच करवा कर जल का सेवन करेंगे तो कई बीमारियों से निजात पा सकेंगे। मौके पर जिला क्वालिटी मैनेजमेंट रामपुकार प्रसाद, जेई प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रखंड कोऑर्डिनेटर टेकलाल साव, रोहित दास त्रिभुवन पांडेय के द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण दिया।

## एक्सपोजर विजिट के लिए चलकुशा प्रमुख का चयन



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार पंचायती राज्य विभाग ने विशेष आवश्यकता के उद्देश्य से राज्य के विभिन्न प्रखंडों के जनप्रतिनिधियों को राजस्थान के एक्सपोजर विजिट के लिए चुना है। राज्य सरकार द्वारा जारी सुचि में हजारीबाग जिला के चलकुशा प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संध के प्रदेश उपसचिव नीतू कुमारी को चयनित किया गया है। सुची में 26 से 30 सितंबर 2023 तक चयनित प्रखंड प्रमुख को राजस्थान में प्रखंड स्तर पर हुए विशेष कार्य से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जायेगा। इसके बाद झारखंड पंचायती राज विभाग राज्य स्तर पर इसका लाभ लेगा। चलकुशा प्रमुख को इस कार्य के लिए चयनित किये जाने पर प्रखंड क्षेत्र वासियों ने बधाई दी है।

### अडाणी फॉउंडेशन ने टीबी के मरीजों को दिया चौथे चरण का पोषण किट

# पोषण युक्त आहार लेना बेहद जरूरी: डॉ अविनाश

**इससे पहले टीबी के गोद लिए गए 60 मरीज हो चुके हैं स्वस्थ**

**गोंदलपुरा खनन परियोजनाः सीएसआर के तहत लगातार जारी है सामाजिक दायित्वों का निर्वहन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिये 70 नये टीबी मरीजों के बीच चौथे चरण का पोषण किट वितरित किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन सभी मरीजों को चौथे चरण का पोषण किट प्रदान किया। ह्यप्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत पोषक आहार किट पाकर टीबी मरीज उत्साहित नजर आये। इस अवसर पर बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन लगातार टीबी के मरीजों के लिए पोषण किट मुहैया करा रहा है। इसकी जितनी तारीफ की जाये वह कम है। उन्होंने मरीजों से इन पोषण किट के सेवन की अपील की और कहा कि टीबी के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पोषण युक्त भोजन करने से यह बीमारी जल्द ठीक हो जाती है। इसलिए पोषण युक्त आहार लेना बेहद जरूरी है। कुमार ने ग्रामीणों से जरा सा भी लक्षण पता चलने पर टीबी की जांच तुरंत करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का इलाज है, इसलिए इसे छिपाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अडाणी फॉउंडेशन का पोषण किट गुणवत्तापूर्ण है इसकी मात्रा भी बेहतर है।

**देश को टीबी मुक्त बनाने की ली शपथ**

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत बांटे गए इस किट में एक-एक किलो हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं। ये सभी मरीज बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों के हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है। इससे पहले गोद लिये गये 60 टीबी के अधिकतर मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।

## एचआइवी जागरूकता को लेकर यूथ फेस्ट का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** शनिवार को झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिती के द्वारा एचआइवी के प्रति जागरूकता हेतु यूथ फेस्ट 2023 का आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्वास्थ्य समिती कोडरमा के देख रेख में एक मेराथन दौड़ का आयोजन किया गया। महाराणा प्रताप चौक से जेजे कालेज कोडरमा तक 200 प्रतिभागियो ने भाग लिया। इस दौरान सिविल सर्जन कोडरमा डा अनिल कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी एआरटी, आइसीटीसी कोडरमा डा रमन कुमार, उपाधीक्षक डा मनोज कमार, डा अभिषेक कुमार नोडल पदाधिकारी एआरटी, आइसीटीसी. सदर अस्पताल कोडरमा ने हरी झंडी दिखाकर आयोजन का शुभारंभ किया।

इस मैराथन दौड में पुरूष वर्ग से प्रथम विजेता विनय कमार, द्वितीय विजेता आदित्य कुमार, तृतीय विजेता पप्पू कमार, महिला वर्ग से प्रथम विजेता अनिता दास, द्वितीय विजेता पम्मी कुमारी, तृतीय विजेता पूजा कुमारी घोषित किया गया। मौके पर मौजुद एआरटी सेंटर के डाटा मनैजर संजय कुमार आइसीटीसी की काउन्सलर सुमिता कुमारी, एयाज अहमद, सतीश प्रसाद, सवित्री कुमारी, सिन्नी अहाना से सुशील कुमार, विहान से सीमा, नेटवर्किंग से मनोज कुमार यादव, प्रभा भारती से दिपक कुमार, स्नेहल कुमार, विजय कुमार, आयुष्मान के डीपीसी सुमित कुमार सिन्हा, बिजेंद्र कुमार आदि काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## शिक्षिका से अभद्रता करनेवाले शिक्षक पर होगी कार्रवाई

**विभाग गंभीर 24 घंटे के अंदर मांगा जबाब, इचाक थाने को कारवाई करने के लिए लिखा पत्र**




आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के इचाक प्रखंड के तिलरा गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय तिलरा-कवातू इन दिनों सुर्खियों में बना है। यहां के शिक्षक उमेश प्रजापति ने उसी विद्यालय के एक शिक्षिका से अमर्यादित बर्ताव किया था। जिससे परेशान शिक्षिका ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को आवेदन देकर मामले की जानकारी दी थी, मगर प्रधानाचार्य ने इस ओर ध्यान नहीं दिया था। फिर शिक्षिका ने जिला शिक्षा अधीक्षक को भी पत्र लिख मामले की पूरी जानकारी दी थी। महिला शिक्षिका के साथ इस तरह के दुर्व्यवहार करने तथा उसके स्वाभिमान के साथ ऐसे घृणित कार्य करने की घटना से वह काफी आहत हुई थी तथा दोषी शिक्षक पर कठोर कार्रवाई की मांग की थी। इस बात की खबर मिलते ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस मामले को लेकर पंचायत समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि मुकेश उपाध्याय ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर दोषी शिक्षक को निलंबित करते हुए गिरफ्तार करने की मांग की थी। इधर जिला शिक्षा अधीक्षक ने शिक्षक उमेश प्रजापति को 24 घंटे के अंदर साक्ष्य के साथ स्पस्ट करने को कहा है की क्यों नहीं आपको निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई की जायें। पत्र में कहा है की आपका आचरण सरकारी सेवक के आचरण के विपरीत है। साथ ही सरकारी सेवक आचार नियमावली 1976 का उल्लंघन है। साथ ही जिला शिक्षा अधीक्षक ने इचाक थाना प्रभारी को पत्र लिख कर शिक्षक उमेश प्रजापति पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

इचाक थाना प्रभारी धनंजय सिंह से पूछे जाने पर बताया की आरोपी शिक्षक को पूछताछ के लिए थाना बुलाया गया है। पूछ ताछ के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### आइसेक्ट विश्वविद्यालय का मोबाइल ऐप लांच, मिलेगी सारी शैक्षणिक जानकारी

# विश्वविद्यालय की आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में अहम कड़ी साबित होगा यह ऐप : डॉ मुनिष गोविंद




आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर आइसेक्ट विश्वविद्यालय का मोबाइल ऐप विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने लॉन्च किया। इसके जरिए विश्वविद्यालय के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं व कर्मियों के साथ साथ विद्यार्थियों को सभी शैक्षणिक जानकारियां समय से प्राप्त होगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने इस बाबत बताया कि समय सारिणी से लेकर परीक्षा के नतीजे घोषित होने तक की सभी जानकारियां ऐप के जरिए विद्यार्थियों तक समय से पहुंचेगी, जिससे अब विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। साथ ही इस ऐप में विद्यार्थियों को यह सहूलियत दी गयी है कि शैक्षणिक क्रम में आने वाली किसी असुविधा की शिकायत ऐप के माध्यम से विद्यार्थी सीधे विश्वविद्यालय के उच्च अधिकारियों को भी कर सकते हैं, ताकि समाधान यथाशीघ्र हो सके। डॉ गोविंद ने बताया कि इस ऐप में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के हुए प्लेसमेंट की जानकारी भी मुहैया करायी गयी है। साथ ही विश्वविद्यालय से जुड़ी महत्वपूर्ण खबरों से भी विद्यार्थियों के साथ साथ सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं व कर्मी इस ऐप के माध्यम से अपडेट रह सकते हैं। डॉ गोविंद ने बताया कि फिलहाल विभिन्न विभागों के स्टडी मैटेरियल भी इस ऐप में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में इस ऐप में विद्यार्थियों के हित के मद्देनजर कुछ और नई सुविधाएं जोड़ी जायेगी। इस ऐप को डेवलप करने वाले विश्वविद्यालय के वेब डेवलपर सुशांत कुमार झा ने बताया कि वर्तमान समय के मद्देनजर इस ऐप को तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि ऐप को बिल्कुल फ्रेंडली बनाया गया है, जो उपयोग के लिए उपयुक्त होगी। उन्होंने बताया कि इस ऐप को डेवलप करते समय हमारे दादाजी राम पुनित झा का अहम सहयोग रहा। सुशांत ने बताया कि गुगल प्ले स्टोर से आइसेक्ट सर्च कर ऐप को इंस्टॉल सकता हैं। बताते चलें कि इच्छुक विद्यार्थी बिना पंजीकरण के ही नामांकन, प्लेसमेंट समेत विश्वविद्यालय की अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां इस ऐप के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे।

## मो फैज अनवर उर्फ राजा बाबू बने कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मो फैज अनवर उर्फ राजा बाबू, पिता मो अब्दुल शकूर को हजारीबाग कांग्रेस ओबीसी मोर्चा का महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। यह नियुक्ति कांग्रेस ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू के निर्देश पर मोर्चा के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता ने किया है। कहा है की फैज अनवर को कांग्रेस ओबीसी महानगर अध्यक्ष बनने से संगठन और मजबूत होगा।

## मुखिया ने डीलर और सेविका के साथ की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** कुसुंभा पंचायत के मुखिया दुलारचंद पटेल ने पंचायत अंतर्गत सभी जन वितरण प्रणाली के वितरक और आंगन वाड़ी सेविका के साथ पंचायत सचिवालय में बैठक आयोजित कर सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित चर्चा करते हुए कहा कि कोरोना काल का दंश आज भी ग्रामीण इलाकों के गरीब किसान वा मजदूर झेल रहा है, इसको ध्यान में रखते हुए जितनी भी जन कल्याणकारी योजनाएं हैं, उसमें किसी भी सूरत में लापरवाही नहीं बरते, हम सबको सेवक बन कर कार्य करना है, और इसी निमित आपको यह कार्य सौंपा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों के भोलेपन का गलत लाभ नहीं उठाना है, ऐसा शिकायत मिला तो मैं संबंधित विभाग को सूचित करने में क्षणिक देर नहीं करूंगा। मुखिया ने कहा कि अगर आप सब अगली समीक्षा बैठक तक शिकायत रहित कार्य करते हुए समय पर योजना का लाभ शत प्रतिशत लाभुक को लाभ देने वाले उत्कृष्ट वितरक तथा सेविका को सचिवालय में सम्मानित करेंगे। मौके पर पसस चिंता देवी, उप मुखिया बाबुचंद हेंब्रम, वार्ड सदस्य जितनी देवी, रेखा देवी, सुनीता देवी, चंपा देवी, रीना देवी जन प्रणाली वितरक बच्चन राम मेहता, ललिता देवी, जेहल महतो, सरजू महतो, आंगनवाड़ी सेविका तिलबला देवी, शकुंतला देवी, कुमारी चिंता, ललिता देवी, किसान मित्र देवंती देवी, किसान अध्यक्ष महादेव महतो पवन पासवान आदि उपस्थित थे।

## बड़कागांव में अश्विनी दुर्गा पूजा समिति का गठन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के दैनिक बाजार स्थित अश्विनी दुर्गा मंदिर के प्रांगण में दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने किया। जबकि संचालन मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने की। बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया की दुर्गा पूजा और दशहरा का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। इसके लिए कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, अध्यक्ष दीपक कुमार, सचिव राजू कुमार, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, संगठन मंत्री अश्विनी कुमार, मनोरंजन मंत्री जितेंद्र कुमार, संयोजक बिंदेश्वरी कुमार उर्फ बिंदु दांगी, उपाध्यक्ष किशोर कुमार, सहेश कुमार, उपसचिव सरोज कुमार, सह कोषाध्यक्ष सनी कुमार, उप संगठन मंत्री सुजीत कुमार, उप मनोरंजन मंत्री राकेश कुमार और घनश्याम जायसवाल, मीडिया प्रभारी संजय सागर, पिंटू कुशवाहा और रितेश ठाकुर, पुजारी नीरज कुमार, पूजा प्रभारी जय राजकुमार, अशोक कुमार कुशवाहा, पंडित सतीश कुमार मिश्रा को सर्व समिति से चुना गया। मौके पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने एक स्वर में कहा कि गत वर्ष के भांति इस वर्ष भी सभी ग्रामीणों के सहयोग से दुर्गा पूजा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। मौके पर उपहार कृषक युवक क्लब के सदस्य गण और ग्रामीण उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विधायक अमित कुमार ने किया निरीक्षण



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा का विधायक अमित कुमार यादव ने औचक निरीक्षण किया। इस बाबत विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि मुझे शिकायत मिल रही थी कि अस्पताल के अंदर चल रहे जांच घर में किसी भी गंभीर बिमारी का रिपोर्ट टेक्निशियन के द्वारा सही नहीं दिया जा रहा है। कई गंभीर बिमारी टीवी, शुगर, का रिपोर्ट सभी व्यक्ति को नेगेटिव दिया जा रहा है जबकि कुछ लोग प्राइवेट जांच घर में खुन जांच कराया तो वहां पाज़िटिव रिपोर्ट दिया गया। उन्होंने मौके पर सिविल सर्जन हजारीबाग से दुरभाष पर बात कर अविलंब टेक्निशियन को हटा कर नया टेक्निशियन भेजने की बात कही। उन्होंने मौके पर उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सभी अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे, जो भी लापरवाही करते पकड़ा जायेगा उसे किसी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। मौके पर डॉ निशांत बेग समेत स्वास्थ्य कर्मी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## एनटीपीसी ने बच्चों के बीच बांटे बैग



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की सीबी कोल माइंस के जीएम नबीन कुमार गुप्ता के निर्देश पर शनिवार को एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के सौजन्य से राजकीय मध्य विद्यालय पेटो की कुल 405 स्कूली बच्चे बच्चियों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। बैग का वितरण अपर महाप्रबंधक मोहम्मद बासिफ, डीजीएम अनिल कुमार, पंचायत पेटो पंसस अरबिंद साव, प्रधानाध्यापक रामेश्वर राम, प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनोहर साव के हाथों स्कूली बच्चे के बीच बैग वितरण किया गया। वही बाकी स्कूल नही आये, बच्चे बच्चियों को दूसरे दिन दिया जायेगा। यह बैग बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है। यह वितरण समारोह परियोजना चट्टी बरियातु के परियोजना प्रमुख नविन गुप्ता के निर्देश पर यहां कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल बैग पा कर बच्चों ने खुशी जाहिर किया। इस अवसर पर परियोजना के अपर-महाप्रबंधक मोहम्मद वासिफ ने बच्चों से कड़ी लगन व मेहनत से पढ़ाई करने और परिवार व स्कूल का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस बैग का उपयोग विद्यालय आने के दौरान अपने पाठ्य पुस्तक और कापियों को रखने में करेंगे। बैग को हमेशा साफ सुथरा रखने को कहा। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नियमित विद्यालय आने की भी अपील की। इस मौके पर परियोजना से उप-महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता और वरिष्ठ प्रबंधक और विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामेश्वर राम, परमेश्वर महतो, अशोक कुमार, बीरेंद्र प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद साव, सजंय कुमार साव, त्रिभुवन राम, उमेश कुमार मेहता, उषा कुमारी, रजनी कुमारी, टिकेश्वर साव, उपेंद्र राम, बिना कुमारी और कई गण्यमान्य उपस्थित थे।

## वन विभाग ने अवैध आरा मील को किया ध्वस्त



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** डाकडीह स्थित खम्भारी में चल रहे अवैध आरा मील को वन विभाग ने ध्वस्त किया। इस बाबत वनकर्मी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि वन विभाग के बरही प्रक्षेत्र के वनकर्मियों द्वारा यह कार्रवाई किया गया। कार्रवाई के दौरान बुलडोजर चलाकर संरचना को ध्वस्त किया गया तथा आरा मिल से संबंधित सभी उपकरण समेत एक ट्रैक्टर सखुआ बोटा और लगभग छोटा बड़ा 40 चिरान पटरा जब्त किया। इस दौरान वन विभाग की टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर प्रभारी वनपाल, वनरक्षी और अन्य वनकर्मियों के अलावा बरकट्ठा थाना की पुलिस टीम शामिल थी।

आजाद सिपाही

रांची, रविवार, 24 सितंबर, 2023

www.azadsipahi.in

05


## आजसू का बुढ़ाकरम झुमर प्रतियोगिता समारोह



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी मांडू प्रखंड समिति की बैठक कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो व संचालन जिला उपाध्यक्ष जयकिशोर महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केंद्रीय सदस्य हेमलाल महतो, जिला उपाध्यक्ष लालचंद महतो, रामभजनलाल महतो, तेजनाथ महतो, जिप सदस्य तपेश्वर महतो, मदन महतो शामिल रहे। बैठक का शुभारंभ झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व सांसद स्व विनोद बिहारी महतो का जयंती के मौके पर अतिथियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि कर की। बैठक में तिवारी महतो ने बताया कि पार्टी द्वारा मोरहाबादी रांची में आगामी 29 सितंबर से लेकर 1 अक्टूबर तक तीन दिवसीय महाधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मांडू विधानसभा क्षेत्र से हम सभी को बढ़ चढ़कर भाग लेना है। वही, आगामी 27 सितंबर को मुरपा तरवाटांड़ में विधानसभा स्तरीय बुढ़ाकरम झुमर प्रतियोगिता समारोह के सफल संचालन के लिए कई दिशा निर्देश दिया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सुप्रीमो सुदेश महतो व गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि गोमिया विधायक लंबोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, पार्टी केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत शामिल होंगे। मौके पर चितू महतो, जगदीश आडवाणी, दूबराज महतो, प्रभुदयाल महतो, शिवशंकर महतो, संदीप मोदी, नरेश प्रसाद, अनिल कुमार, इम्तियाज अंसारी, बासुदेव महतो, अमित ठाकुर, विकास महतो, मनीष किस्कु, राजेश महतो, सरिता सिंह, विजय केशरी, शहाबुद्दीन रिजवी, रौशन कुमार महतो, पप्पू महतो, पुष्पा देवी, कौशल्या देवी, आकाश ठाकुर, राजु नायक, मनोज गोप, मनान खान, राहुल नायक, इंद्रमोहन महतो, जयराम प्रजापति, प्रेम महतो, मनोज कुमार, टीपू महतो, ओमप्रकाश पटेल, अमित ठाकुर, विकास चंद्र पटेल, प्रेम पटेल आदि मौजूद रहे।

## बीडीओ ने वारिस पब्लिक स्कूल में कंप्यूटर लैब का किया उद्घाटन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड क्षेत्र के उचरिंगा स्थित वारिस पब्लिक स्कूल में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास का रीढ़ होता है और शिक्षा से ही समाज में बदलाव की क्रांति लायी जा सकती है। विद्यालय के निदेशक मो वारिस खान ने कहा की सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाना है और तकनीकी रूप से भी बच्चों को सबल बनाना है इस दिशा में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर अर्धवार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी वितरण किया गया। इस मौके पर प्राचार्या शबाना, नाज, रेखा, रानी, मंजु अंजलि, पम्मी, पल्लवी, प्रिया, प्रीति, डॉली, नीलम, तरन्नुम, नेहा, मरियम सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

## पदाधिकारियों ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी जनसमस्याएं



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी और जिला नजारत उप समाहर्ता अमरदीप बलहोत्रा ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आये आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने आवेदन देते हुए बताया कि उसके पिता कैंसर से पीड़ित है। बेहतर इलाज हेतु टाटा मेडिकल हॉस्पिटल मुंबई में भर्ती कराया गया है। आयुष्मान कार्ड नहीं बना हुआ है, आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है। जिसके कारण परिजन इलाज कराने में असमर्थ हैं। सलमान जफर खिजरी ने आवेदन का अवलोकन करते हुए सिविल सर्जन चतरा को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलवाने सहित नियमानुसार कैंसर पीड़ित व्यक्ति के इलाज हेतु सरकारी लाभ से लाभान्वित करने की निर्देश दिया। इसके अलावा भूमि विवाद, कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन से संबंधित, आंगनबाड़ी, अनुकंपा, विधवा पेंशन, स्वास्थ्य विभाग, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य मामले की भी सुनवाई की गयी। उपायुक्त के निदेशानुसार जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी द्वारा रोस्टर के अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों के शिकायतों का निष्पादन प्रखंड मुख्यालय स्तर पर ही किया जा सके। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया जाता है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डटमी गांव निवासी कैलाश यादव का 40 वर्षीय पुत्र शंभू यादव की मौत शुक्रवार की रात्रि उसके घर पर हो गयी। 20 दिन पूर्व वह बलुरी गांव में लगने वाले शनिचरी बाजार पैदल जा रहा था इसी दौरान एक हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे कर स्थिति गंभीर रहने के कारण रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। जहां उसका इलाज चल रहा था। जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं घायल युवक की स्थिति में सुधार नहीं होने पर रांची रिम्स से 5 दिन पूर्व उसे घर भेज दिया गया था। उसके मौत हो जाने से घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है। वह अपने घर का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था। वह अपने पीछे पत्नी, एक लड़का तथा एक लड़की को छोड़ गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी सनोज चौधरी और एएसआई दिलीप यादव उसके घर पहुंचे और उसके शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। उसके अंतिम संस्कार में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। पुलिस दुर्घटना को अंजाम देने वाले हाईवा के खोजबीन कर रही है।

## आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति की आमसभा आयोजित



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नावाडीह पुराना पंचायत भवन में पंचायत के मुखिया की अध्यक्षता में गोसाइडीह आजीविका महिला संकुल स्वालंबी सहकारी समिति का आम सभा किया गया जिस पर मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2022-23 का प्राप्त भुगतान आय व्यय संपत्ति दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड में जुड़े हुए सभी सदस्य के बीच वित्तीय वर्ष 2023-24 में आने वाले बजट और होने वाले खर्च के बारे में जानकारी सभी के साथ साझा किया गया। जिसमें उपस्थित सीसी राजा चौहान, मुकेश कुमार तथा अरविंद कुमार, पीआरपी ललिता देवी, पीआर दिलीप कुमार बीएपी अलका कुमारी और गोसाइ डीह ब्रांच के शाखा कर्मी मनीष कुमार और सखी मंडल की दीदी उपस्थित हुई।

### व्यवहार न्यायालय में राबिया खातून की हत्या के मामले का आया फैसला

# तीन आरोपियों को आजीवन कारावास, जुर्माना भी हुआ

**अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम शेषनाथ सिंह की कोर्ट ने सुनाया फैसला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में हत्या के मामले में अहम फैसला निकल कर सामने आया है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम शेषनाथ सिंह की कोर्ट ने हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही जुमार्ना भी मुकर्रर किया गया है। सजा दिलाने में केस अनुसंधानकर्ता दारोगा उमेश कुमार शर्मा का महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है।

**12 गवाहों ने दी गवाही, लोक अभियोजक ने बारीकी से रखी बात**

मामले की सुनवाई के दौरान हर पहलू को गंभीरता से सुना गया। जांच अधिकारी उमेश कुमार शर्मा सहित सभी 12 गवाहों की गवाही और प्रभारी लोक अभियोजक आलोक कुमार की दलीलों को सुनकर सजा सुनाई।



### शनिवार को हुआ सजा का ऐलान

व्यवहार न्यायालय में शनिवार सजा का एलान किया गया। मामले में मृतिका राबिया खातून की हत्या का दोषी उसके पति कुरबान अंसारी, ससुर मो सुल्तान अंसारी और देवर मो नेजाम अंसारी को आइपीसी की धारा 302 के तहत दोषी पाया गया। जिसके बाद सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी। इसके अलावा 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने की आधा रकम पीड़ित परिवार को दी जायेगी। रुपये जमा नहीं करने पर एक साल की साधारण कारावास की सजा होगी।

### क्या है मामला

सिमरिया थाना क्षेत्र के शिला गांव के रहने वाले मो अफजल ने मांडू ओपी में अपने बेटी की हत्या के मामले में 1 जून 2022 में एक महिला सहित 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। जिसमे उसके पति, ससुर, देवर और मौसी हमजा खातून का नाम शामिल था। आवेदन में कहा था कि उनकी बेटी की शादी 29 नवंबर 2021 को मुस्लिम रीति रिवाज के साथ सारूबेडा में संपन्न हुआ था। उस समय दहेज के रूप में उन्होंने लड़के के घरवालों को 1.60 लाख रुपया नगद और घरेलू सामान, सोना और चांदी का जेवर दिया था।

## राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में तमन्ना ने जीता गोल्ड मेडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** रांची के होटवार खेलगांव में 21 से 23 सितंबर तक आयोजित तीन दिवसीय मुख्यमंत्री के खेलो झारखंड तिरंदाजी के अंडर-14 स्टेट चैंपियनशिप में भदानीनगर क्षेत्र के लपंगा कॉलोनी निवासी शेखर वर्मा व रूबी वर्मा की पुत्री तमन्ना वर्मा ने बेहतर प्रदर्शन कर अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सौंदा डी हाई स्कूल के 9वीं की छात्रा तमन्ना वर्मा ने प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर चैंपियन बनने का गौरव पाया है। जानकारी के अनुसार स्कूल द्वारा पहले प्रखंड में फिर जिला में तिरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद फाइनल मैच रांची के खेलगांव में खेला गया। जिसमें झारखंड के सभी जिलो से 4 खिलाड़ी रांची के होटवार खेलगांव में 21 से 23 सितंबर तक आयोजित मुख्यमंत्री के खेलो झारखंड तिरंदाजी अंडर-14 स्टेट चैंपियनशिप में शामिल हुए। प्रतियोगिता में रामगढ़ जिले की लपंगा निवासी तमन्ना वर्मा 651 प्वांइट प्राप्त कर पहले स्थान पर रही। वहीं एसकेडी की बासमती चट्टार 428 प्वांइट के साथ दूसरे व रांची जिले की आंचल कुमारी 161 प्वांइट लेकर तीसरे स्थान पर रही। बेटी की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए तमन्ना के पिता शेखर वर्मा व माता रूबी वर्मा ने बताया कि 17 फरवरी 2022 को पहली बार तिरंदाजी के लिए बिरसा मुंडा तिरंदाजी सेंटर में तमन्ना का नामांकन कराया था। वह अभी सिल्ली के आर्चरी सेंटर ट्रेनिंग ले रही है। उन्होंने बताया कि मात्र छह माह के अंतराल 2022 में मथुरा में आयोजित तृतीय खेलो इंडिया राष्ट्रीय महिला तिरंदाजी प्रतियोगिता में तमन्ना ने पूरे भारत में 15वां रैंक लाकर झारखंड की एक मात्र विजेता खिलाड़ी होने का गौरव प्राप्त की थी। वर्मा ने बताया कि अपने बेहतर प्रदर्शन के बदौलत पुनः 2023 में भी 7 से 9 जनवरी तक आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित नेशनल आर्चरी चैम्पियनशिप में शामिल होना तमन्ना के लिए गौरव का क्षण रहा। यहां झारखंड की ओर से तमन्ना वर्मा दूसरे स्थान पर रही थी। 1 वर्ष के अंदर नेशनल प्रतियोगिता में शामिल होना तमन्ना सहित पूरे कोयलांचल भुरकुंडा ही नहीं रामगढ़ जिला व झारखंडवासियों के लिए गर्व की बात है। तमन्ना की सफलता पर एकाडमी के कोच प्रकाश राम, शिशिर महतो, मुकेश आर्यन, सौंदा डी हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक अनुज खत्री, अरशद, उमेश मेहता, एसभीएम पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्याकप रामकृष्ण शर्मा, अंजू शर्मा, हर्ष शर्मा, विक्की सरकार, सुशांत बनर्जी, बितलु शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा सहित कोयलांचलवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## अनाज मांगने पर डीलर ने कार्डधारियों के साथ की गाली-गलौज

**आक्रोशित कार्डधारियों ने किया प्रखंड कार्यालय में जमकर बवाल**

**प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलर को किया निलंबित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड के बड़हीबीघा गांव के दर्जनों कार्डधारियो ने हंटरगंज प्रखंड कार्यालय पहुंचकर डीलर सविता देवी के विरुद्ध जमकर बवाल काटा। कार्डधारियों का आरोप है कि अनाज मांगने पर डीलर के द्वारा उन्हें गाली गलौज किया गया और अनाज देने से इनकार कर दिया गया। कार्डधारियों का कहना है कि डीलर ने उन्हें गाली गलौज करते हुए कहा कि अनाज तुम्हारे बाप का नहीं है। जब मन करेगा तो देंगे, नहीं तो नहीं देंगे। इस बात पर दर्जनों कार्डधारी आक्रोशित हो गए और हंटरगंज प्रखंड कार्यालय पहुंचकर जमकर बवाल काटा। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एमओ अर्जुन कुमार और मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव पहुंचे और उनकी समस्याओं को सुना। कार्डधारियों ने बताया कि डीलर सविता देवी पिछले दो माह से बायोमेट्रिक में अंगूठा लगवा रही है और अनाज नहीं दे रही है। जब कार्डधारी अनाज लेने के लिए पहुंचे तो डीलर यह कहते हुए अनाज देने से इनकार कर दी की, मुझे अनाज नहीं मिला है मैं अनाज नहीं दे पाऊंगी। इसके बाद कार्डधारी एमओ से संपर्क कर डीलर को अनाज आवंटन से संबंधित जानकारी लिया। एमओ ने लोगो को जानकारी दिया कि डीलर के पास स्टॉक अनाज और गोदाम से आवंटित अनाज को मिलाकर पूरा अनाज उपलब्ध है। डीलर को पूरा अनाज कार्डधारी को देना है। इसके बावजूद डीलर सविता देवी अनाज देने से इनकार कर दी। कार्डधारी के विरोध को देखते हुए एमओ ने डीलर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया है।

### दसलक्षण पर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म की हुई

## लोभ में आकर मनुष्य असत्य बोला करते हैं: शास्त्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय में दसलक्षण पर्व के पांचवे दिन शनिवार को उत्तम सत्य धर्म की पूजा पुरे विधि विधान के साथ किया गया। पर्व को लेकर दोनों मंदिरों में देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। श्री दिगंबर जैन मंदिर में जलाभिषेक का सौभाग्य शांतिलाल सेठी, श्रवण सेठी, पंकज जैन, संजय सेठी, नवीन सेठी, राकेश पांड्या, हीरालाल पाटनी, राजेंद्र पाटनी व श्री पारसनाथ जिनालय में महावीर प्रसाद, नरेंद्र छाबड़ा को मिला। जबकि, शांतिधारा का सौभाग्य जीवन मल पाटनी, जंबू पाटनी परिवार एवं पुष्पा अजमेरा, सौरव अजमेरा, गौरव अजमेरा व विनोद पहाड़िया, पंकज पहाड़िया को मिला। वही, भगवान पुष्पदंत स्वामी का निर्वाण मोहत्सव में निर्वाण लड्डू अर्पण करने का सौभाग्य अरूणा जैन, डॉ शरद जैन और रांची रोड सुभाष पाटनी, वैभव पाटनी को मिला। महाआरती का प्रमोद सेठी, नीरज सेठी, बबलू सेठी को मिला।

पंडित दीपक शास्त्री ने उत्तम सत्य धर्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य अनेक कारणों से असत्य बोला करता है, उनमें से एक तो झूठ बोलने का प्रधान कारण लोभ है। लोभ में आकर मनुष्य अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिये असत्य बोला करता है। असत्य भाषण करने का दूसरा कारण भय है। मनुष्य को सत्य बोलने से जब अपने ऊपर कोई आपत्ति आती हुई दिखायी देती है। अथवा अपनी कोई हानि होती दिखती है। उस समय वह डरकर झूठ बोल देता है, झूठ बोलकर वह उस विपत्ति या हानि से बचने का प्रयत्न करता है। असत्य बोलने को तीसरा कारण मनोरंजन भी है। बहुत से मनुष्य हंसी मजाक में कोतूहल के लिये भी झूठ बोल देते हैं। दूसरे व्यक्ति को भ्रम में डालकर या हैरान करके अथवा किसी को भय उत्पन्न कराने के लिये या दूसरे को व्याकुलता पैदा करने के लिये झूठ बोल देते हैं। इसी से उनका मनोरंजन होता है। इसके सिवाय क्रोध में आकर मनुष्य ऐसे कुवचन, गाली गलौज मुख से निकाल बैठता है जिनको सुनकर जनता में क्षोभ फैल जाता है, निर्बल मनुष्य का हृदय तड़प उठता है, बलवान मनुष्य को वैसे दुर्वचन सुनकर क्रोध उत्पन्न हो जाता है जिससे कि बहुत भारी दंगाफसाद हो जाता है, मारपीट हो जाती है, यहां तक कि मरने मारने की भी तैयारी हो जाती है।

मौके पर समाज अध्यक्ष मानिकचंद जैन और मंदिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल ने बताया कि रविवार को उत्तम सयंम धर्म का पूजा किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी राहुल जैन पाटनी ने दिया।


**भारतीय खाद्य निगम**
**क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर**

File No: S&S/2/OMSS(D)/Wheat/2023-24 Date: 22.09.2023

**प्रेस नोट**

गेहूं और चावल की बाजार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए, भारत सरकार द्वारा भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से OMSS(D) के तहत चरणबद्ध तरीके से ई-नीलामी के माध्यम से खुले बाजार में गेहूं और चावल को उतारने का निर्णय लिया गया है। मौजूदा दर गेहूं (FAQ) के लिए रु. 2150/- प्रति क्विंटल, गेहूं (URS) के लिए रु. 2125/- प्रति क्विंटल, सामान्य चावल के लिए रु.2900/- प्रति क्विंटल और फोर्टिफाइड चावल (उबला/कच्चा) के लिए रु.2973/- प्रति क्विंटल लागू करों के साथ।

गेहूं प्रोसेसर/आटा चक्की/गेहूं उत्पाद के आटा मिलर्स ई-नीलामी के माध्यम से भाग ले सकते हैं। गेहूं के मामले में बोली लगाने वाले के पास वैध FSSAI लाइसेंस, GST/व्यापार कर पंजीकरण, पैन होना चाहिए और उसे भारत सरकार के WSM पोर्टल में अपने मौजूदा स्टॉक होल्डिंग की घोषणा करनी होगी। एक पात्र बोलीदाता न्यूनतम 10MT से लेकर अधिकतम 100 मीट्रिक टन मात्रा तक के लिए बोली लगा सकता है।

हालाँकि, चावल की बोली लगाने के लिए FSSAI लाइसेंस और स्टॉक घोषणा की आवश्यकता नहीं है। प्रति व्यापारियों बोलीदाता को 1000 मीट्रिक टन तक चावल की ई-नीलामी की भी अनुमति है।

एफसीआई द्वारा जारी हालिया निविदा के अनुसार, एफसीआई ओडिशा क्षेत्र के 20 केंद्रों से 7000 मीट्रिक टन गेहूं और 28655 मीट्रिक टन चावल ई-नीलामी के लिए पेश किया गया है। योजना के तहत गेहूं की बिक्री एफसीआई द्वारा प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को की जाएगी।

इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी में भाग लेने के लिए एम-जंक्शन (http://www.valuejunction.in/fci) पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)


## महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में नि:शुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सनसाइन डेंटल केयर पतरातू उचरिंगा के सौजन्य से शनिवार को बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में दंत जांच शिविर लगाया गया। शिविर में डॉ. पुष्पांजली (बीडीएस) ने करीब 300 छात्र-छात्राओं और 50 ग्रामीणों का दंत जांच की। साथ शिविर में पाये गये मरीजों के बीच नि:शुल्क दवा का वितरण करते हुए डॉ. पुष्पांजली ने उचति परामर्श भी दिया। इस दौरान डॉ. पुष्पांजली ने बच्चों के कक्षाओं में जा-जाकर दांतों को स्वस्थ्य रखने की तरीके से बेहतर स्वास्थ्य के लिए क्या करना चाहिए इसकी भी जानकारी दी। शिविर को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक कैलाश राम, शिक्षक अशोक मिश्रा, मिंटू विश्वकर्मा, बलबीर, निक्की, उषा, वीणा, रेखा, राजू, मोगल राम, समाज सेवी मेराज अंसारी सहित विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

## सांसद जयंत सिन्हा की पहल पर जर्जर सड़क पर डाला गया मिक्स गिट्टी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के पहल पर एसएचएजे (स्टेट हाइवे अथॉरिटी ऑफ झारखंड) के एग्जीक्यूटिव की ओर से मतकमा चैक से चुटूपालू तक बनने वाले सड़क के लादी मोड़ के पास शुक्रवार को जर्जर सड़क पर मिक्स गिट्टी डालकर क्षेत्र के परेशान ग्रामीणों और राहगीरों को तत्काल राहत देने का कार्य किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी ने बताया कि पूर्व में भी सांसद जयंत सिन्हा द्वारा दिशा की बैठक में भी सड़क के मुद्दे को गंभीरता पूर्वक उठाया गया था। साथ ही सड़क के निर्माण में धीमी गति को लेकर स्टेट हाइवे अथॉरिटी आूफ झारखंड के एग्जीक्यूटिव को भी बोला गया है कि जितनी जल्दी हो सके निर्माण कार्य में तेजी लाया जाये। ताकि आम ग्रामीण और राहगीरों को आवागमन में सुविधा हो।

## रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में ज्ञान-विज्ञान मेला का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर रामगढ़ में शनिवार को ज्ञान- विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव शंकरलाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने संयुक्त रुप से मां शारदे के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया। मेला में बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर अपनी कल्पनाओं को आकार दिया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी ने विज्ञान, गणित और संगणक प्रदर्शनी में भाग लेने वालों बच्चों को बधाई दिया। कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों में नये उत्साह का संचार हुआ है। जिससे नए अनुसंधान के रास्ते प्रशस्त होते हैं। इसी रास्ते से कई वैज्ञानिक आगे बढ़े हैं। बाल वैज्ञानिकों के निर्माण में विद्यालय की अहम भूमिका है। इस प्रकार के कार्यक्रम विज्ञान, गणित और संगणक के प्रति बच्चों में अत्यधिक जागरूकता उत्पन्न करते हैं। मुख्य अतिथि का परिचय सह सम्मान प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी के द्वारा किया गया। विद्यालय के सचिव ने कहा विज्ञान और संस्कृति दोनों का जीवन में समवय होना चाहिए, बच्चों ने अपने मॉडलों में इस बात का पूरा ध्यान रखा है। विज्ञान का इस्तेमाल उन्नति और प्रगति के लिए होना चाहिए, ना कि विध्वंस के लिए।

## कोल माइंस वर्कर्स यूनियन ने सीसीएल दरभंगा हाउस को भेजा पत्र



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव डॉ आशीष कुमार ने अपनी यूनियन की ओर मुख्य सतर्कता अधिकारी सीसीएल दरभंगा हाउस रांची को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में क्षेत्रीय सचिव डॉ आशीष कुमार ने कहा है की बरका-सयाल अंतर्गत सौंदा बी साइडिंग में शशि स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र पुणे की कंपनी द्वारा वर्ष 2019 में मोबाइल क्रेशर बैठाया गया था। तीन साल का इनका टेंडर था अब टेंडर भी खत्म हो गया। कंपनी द्वारा 14 से 15 मजदूरों से काम लिया जाता और 7-8 मजदूरों से ही काम लेने की बात कही जाती है। मजदूरों को पेमेंट स्लिप तक नहीं दिया जाता है और 7 से 8 हजार ही पेमेंट किया जाता है। न तो मजदूरों का पीएफ काटा जाता है और न ही भविष्य निधि और ना ही मजदूरों को सालाना बोनस ही दिया जाता है। पत्र में श्री कुमार ने कहा है कि मजदूरों को सीसीएल की हाई पावर कमेटी का वेतन भी नहीं दिया जाता है। मजदूरों से 8 घंटे के बदले 12 घंटा काम लिया जाता है। साथ ही बैंक में 12 से 13 हजार रुपया डालकर मजदूरों से निकलवाकर उन्हें मात्र 7000 रूपया ही पेमेंट किया जाता है। इतना ही नहीं मजदूरों से 26 से 30 दिन काम लिया जाता है और उन्हें मात्र 12 से 13 दिन का ही वेतन का भुगतान किया जाता है जो कि जांच का विषय है।


**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 521 date 22.08.2023 **I, Saurav Murarka** S/o Sawarnul Murarka, resident of Radhey Shyam Gali, o.c. Compound Main Road Litle Angel Nursary School, Ranchi P.O GPO P.S Kotwali Dist. Ranchi 834001, Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am residing at my above noted address.
2. That my daughter correct name is Aavya Murarka which is true and correct, but by mistake my daughter name wrongly mentioned Passport & school name as Abaya Murarka.
3. That Aavya Murarka & Abaya Murarka both name are one and same person i.e my daughter name.
4. Thay my daughter's known as Aavya Murarka.
5. That my above statements is true and correct.

# पाक में स्थिरता लौटने की आस


पाकिस्तान चुनाव आयोग ने गुरुवार को यह ऐलान किया कि वहां आम चुनाव जनवरी के आखिरी सप्ताह में होंगे। हालांकि वोटिंग की तारीखें घोषित नहीं हुई हैं, लेकिन मौजूदा हालात में यह स्पष्ट किया जाना भी कम नहीं है कि अगली सरकार चुनने का काम जनवरी के आखिर तक हो जायेगा। पिछले अगस्त में तत्कालीन शहबाज शरीफ सरकार ने नेशनल असेंबली का कार्यकाल पूरा होने से कुछ दिन पहले इसे भंग कर दिया था। उसके बाद नियमों के अनुसार नये चुनावों के लिए 90 दिन का वक्त था, लेकिन जनगणना और परिसीमन संबंधी मुश्किलों के चलते यह भी तय था कि इस बार चुनाव में और देर होगी। राजनीतिक तौर पर भी पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी ने हालात को जटिल बना रखा है। आर्थिक तौर पर तो पाकिस्तान गंभीर संकटों से गुजर ही रहा है। जुलाई में मिले इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आइएमएफ) के 3 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज की बदौलत वह अपने ऊपर मंडराते डिफॉल्ट के खतरे को कुछ समय टालने में कामयाब जरूर हो गया है, लेकिन संकट लगातार बना हुआ है। खासकर आसमान छूती महंगाई ने आम लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। ऐसे चौतरफा संकट के दौर में जो चीज हालात को और कठिन बना रही थी, वह थी अगले चुनावों को लेकर बनी अनिश्चितता। हालांकि अंतरिम प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ की कामचलाऊ सरकार वहां रोज के कामकाज देख रही है, लेकिन यह आशंका सभी संबंधित पक्षों को परेशान कर रही थी कि कहीं मौजूदा संकटों का हवाला देते हुए ही चुनाव आगे न खिसका दिये जायें। यही वजह है कि चुनाव आयोग की घोषणा ने वहां उम्मीद की लहर पैदा की है। इसकी झलक राजनीतिक हलकों में ही नहीं, पाकिस्तान के बेंचमार्क इंडेक्स केएसइ 100 में भी दिखी जो चुनाव आयोग की घोषणा के बाद 550 अंक ऊपर आ गया। लेकिन अहम सवाल यह है कि चुनावों की घोषणा ने राजनीतिक स्थिरता की जो उम्मीद पैदा की है, क्या चुनाव नतीजे उसे पूरा कर पायेंगे? इसका जवाब हां में देना फिलहाल मुश्किल इसलिए लग रहा है कि पिछले कुछ समय से लोकप्रियता के ग्राफ में सबसे ऊपर चल रहे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में हैं और चुनाव लड़ने के अयोग्य ठहराये जा चुके हैं। हालांकि उनकी पार्टी पीटीआइ फिर भी चुनाव की दौड़ में है और पूरी कोशिश करेगी कि उसे इमरान समर्थकों की सहानुभूति का अधिक से अधिक फायदा मिले। मगर एक तो उन्हें लेकर पाकिस्तानी फौज का गुस्सा बरकरार है और दूसरे, बिलावल भुट्टो जरदारी और शहबाज शरीफ की पार्टियां भी मौजूदा समीकरण का अधिकाधिक फायदा उठाने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखेंगी। ऐसे में चुनाव के बाद सत्ता चाहे जिस किसी भी पार्टी को मिले, अगर उस वजह से वहां थोड़ी शांति और स्थिरता कायम होती है, तो यह न केवल उस देश के लिए, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए राहत की बात होगी।

**नियमों के अनुसार नये चुनावों के लिए 90 दिन का वक्त था, लेकिन जनगणना और परिसीमन संबंधी मुश्किलों के चलते यह भी तय था कि इस बार चुनाव में और देर होगी। राजनीतिक तौर पर भी पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी ने हालात को जटिल बना रखा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

भारत-कनाडा के बीच तल्खी में हर दिन इजाफा जहां चिंताजनक है, वहीं कनाडा का भारत विरोधी आतंकियों के प्रति जो नरम रुख है, उसके कड़े प्रतिरोध के लिए भारतीय पहल बहुत जरूरी है। यह ऐसा अवसर है कि जब देशहित में अप्रिय फैसलों के लिए मजबूर होना ही होगा। वीजा संबंधी कार्य देखने वाली कंपनी बीएलएस इंटरनेशनल के अनुसार, इच्छुक वीजा आवेदकों को सलाह दी गई है कि वे इस मुद्दे पर आगे की अपडेट के लिए बीएलएस वेबसाइट देखते रहें।

# निंदनीय है आतंकियों के प्रति कनाडा का नरम रुख



**सुखदेव वशिष्ठ**



खालिस्तान समर्थक हरदीप निज्जर की हत्या को लेकर भारत - कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद जारी है। कनाडा आंतकवादियों, चरमपंथियों का पनाहगाह बन गया है। खालिस्तान समर्थक की हत्या पर भारत के खिलाफ जस्टिन ट्रूडो के आरोपों में पूर्वाग्रह है। उनके आरोप हत्या होने के महीनों बाद आये हैं। कनाडा का भारत विरोधी आतंकियों के प्रति नरम रुख का कड़ा प्रतिरोध बहुत जरूरी था। भारत के ताजा कदम जिसमें कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग में अगली सूचना तक वीजा सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है। राजनयिक हटाने से लेकर वीजा रोकने तक भारत ने तीन दिन में तीन झटके ट्रूडो को दिये हैं। बुधवार को भारतीय नागरिकों, कनाडा में पढ़ रहे विद्यार्थियों और कनाडा की यात्रा की योजना बना रहे लोगों को सावधानी बरतने की उचित सलाह दी गयी थी।

भारत-कनाडा के बीच तल्खी में हर दिन इजाफा जहां चिंताजनक है, वहीं कनाडा का भारत विरोधी आतंकियों के प्रति जो नरम रुख है, उसके कड़े प्रतिरोध के लिए भारतीय पहल बहुत जरूरी है। यह ऐसा अवसर है कि जब देशहित में अप्रिय फैसलों के लिए मजबूर होना ही होगा। वीजा संबंधी कार्य देखने वाली कंपनी बीएलएस इंटरनेशनल के अनुसार, इच्छुक वीजा आवेदकों को सलाह दी ग/१ है कि वे इस मुद्दे पर आगे की अपडेट के लिए बीएलएस वेबसाइट देखते रहें।

**भारत हमेशा से सभी देशों से मधुर संबंध बनाने के लिर प्रयत्नशील रहा है।**

यह बहुत गंभीर बात है कि दो देशों के बीच इतना सब होने के बावजूद भारत विरोधी चुटकी भर आतंकियों ने कनाडा में रह रहे हिंदुओं को सीधे धमकी दी है। भारत के पड़ोस से प्रशिक्षित इन आतंकियों की पीठ पर कनाडा का हाथ है, तो उनकी बोली आक्रामक हो गयी है। कनाडा सरकार का व्यवहार संतुलित वा न्यायपूर्ण नहीं है। अपने देश में नागरिक स्वतंत्रता को बहाल करना सही है, पर अपनी धरती पर सक्रिय आतंकियों के पक्ष में खड़े हो जाना मनुष्यता के साथ अपराध से कम नहीं है। टूडो सरकार को जवाब देना चाहिए कि कनाडा में जब आतंकी 'किल इंडिया' का घातक पोस्टर लगा तो उन के मुंह में दही क्यों जमा है? निज्जर पर भारत में अनेक मामले दर्ज थे, भारत के बार-बार कहने के बावजूद उसके या अन्य आतंकियों के प्रति कनाडा का नरम रुख निंदनीय है। आश्चर्य है कि चंद आतंकियों को बचाने की कोशिश में कनाडा सरकार विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति भारत से अपने संबंधों को खराब करने में लगी है। इतिहास गवाह है कि जिन देशों ने आतंकियों को पनाह दी है, उनको बाद में इसकी कीमत चुकानी पड़ी है।

इसी कूटनीतिक विवाद के बीच पंजाब के सर्वाधिक वांछित अपराधियों में से एक गैंगस्टर सुख दुल सिंह उर्फ सुक्खा की अज्ञात लोगों ने कनाडा के विनिपेग शहर में हत्या कर दी। वह कथित तौर पर खालिस्तान समर्थक संगठनों से जुड़ा था। वह कनाडा स्थित खालिस्तान ऑपरेटिव अर्श दीप सिंह उर्फ अर्श डाला से जुड़ा था।

इसी साल विदेश में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से पहले तीन कुख्यात खालिस्तानी आतंकियों की मौतें हुई हैं, लेकिन बवाल सिर्फ कनाडा के सरी में हुई हरदीप सिंह निज्जर की मौत पर ही मचाया जा रहा है। तीनों मौतें या हत्याएं तीन ऐसे देशों में हुई हैं, जहां से खालिस्तानी संगठन ऑपरेट होते हैं। मामले से जुड़े कुछ विशेषज्ञों और रक्षा सलाहकारों की नजर से देखें तो उनका मानना है कि इस तरह की घटनाएं खालिस्तानी संगठनों और गैंगस्टरों के गठजोड़ का नतीजा हो सकती हैं। भारत की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा इस तरह के छोटे मामले आधिकारिक तौर पर निपटाये जा रहे हैं और जिन देशों में भी वांछित अपराधी हैं, उनसे कानूनी तौर पर संपर्क किया जाता रहा है।

गुरुद्वारे की हिंसक राजनीति से जुड़ा था निज्जर और चल रहा था विवाद निज्जर लंबे समय से कनाडा में अक्सर हिंसक होने वाली गुरुद्वारा राजनीति से जुड़ा रहा। वह 1985 के आईसी 182 कनिष्क बमबारी के प्रमुख साजिशकर्ता रिपुदमन सिंह मलिक के साथ लंबे समय तक टकराव में भी उलझा रहा। इस दुर्घटना में 329 लोग मारे गये थे। निज्जर ने मलिक द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतियों की छपाई और वितरण पर आपत्ति जतायी थी और इन प्रतियों के साथ-साथ मलिक की मुद्रण इकाई को भी जब्त कर लिया था। मलिक ने निज्जर पर स्पष्ट रूप से विदेशी सरकार की कुछ एजेंसियों के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया था। जानकारी के मुताबिक 23 जनवरी 2022 को सरे में निज्जर ने मलिक के खिलाफ एक घंटे से अधिक समय तक हंगामा किया था और उसे कौम दा गद्दार और एजेंट बताया था। इसके बाद मलिक की 22 जून, 2022 को दो लोगों द्वारा एक गिरोह-शैली में हत्या कर दी गयी थी। जाहिर है कि इन घटनाओं को भी तो जांच में एक दूसरे से जोड़ा जा सकता था। चूंकि शुरू में वास्तविक लक्ष्य तो दोनों का भारत विरोधी होने का ही रहा है।

**आपराधिक गठबंधनों और गतिविधियों के कारण भी हो सकती है निज्जर की मौत :** साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल और इंस्टीट्यूट ऑफ कनफ्लिक्ट मैनेजमेंट के कार्यकारी निदेशक अजय साहनी ने अपने आलेख में लिखा कि 45 दिनों की अपेक्षाकृत संक्षिप्त अवधि में विदेशों में व्यापक रूप से बिखरे हुए स्थानों में तीन खालिस्तानी चरमपंथियों की मौत निश्चित रूप से आश्चर्यजनक है और इसकी बारीकी से जांच की आवश्यकता हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह आपराधिक गठबंधनों और गतिविधियों के व्यापक संदर्भ में फिट बैठता है, जिसमें हिंसा की कई घटनाएं देखी गई हैं। साहनी कहते है कि खालिस्तानी डायस्पोरा ने मौत की प्रचार क्षमता को तुरंत पकड़ लिया है। विशेष रूप से कनाडा में निज्जर की हत्या तीन दिन बाद के बाद भारत पर आरोप लगाकर तूफान खड़ा कर दिया। मौत की वर्तमान जांच अब इस तरह की भड़काऊ अटकलों को हफ्तों और छह महीने तक पनपने देगी, जब तक कि पूछताछ रिपोर्ट द्वारा इस मुद्दे का अंतिम समाधान नहीं हो जाता।

भारत हमेशा से सभी देशों से मधुर संबंध बनाने के लिर प्रयत्नशील रहा है। वसुधैव कुटुंबकम का ध्येय हमारी विदेश नीति का मूल आधार रहा है। आशा है ट्रूडो निश्चित ही भविष्य में अपनी जमीन को भारत विरोधी ताकतों के हितों के लिए उपयोग होने से रोकने में सफल होंगे।

## जमशेदपुर की खबरें

# लोकसभा चुनाव के पूर्व बूथों को मजबूत बनाने की तैयारी में जुटी भाजपा, कार्यकर्ताओं को मिला टास्क

**26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक बूथों पर प्रवास कर सदस्यों के संग नियमित बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** भाजपा आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य हासिल करने के लिए बूथ स्तर को मजबूत बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। महानगर के एक-एक बूथ को मजबूत करने की रणनीति बना कर आगे बढ़ रही है। पार्टी का पूरा ध्यान बूथों को सशक्त बनाने में है। प्रदेश में बूथ सशक्तिकरण अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ किया गया। शनिवार को अभियान के दूसरे चरण में भालूबासा आशीष किशोर संघ सभागार में बैठक की गयी। मौके पर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व प्रभारी कालीचरण सिंह, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा समेत कई नेतागण नेता मौजूद रहे। बैठक में महानगर अंतर्गत 28 मंडलों में प्रभारियों व प्रवासी की नियुक्ति की गयी। झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कालीचरण सिंह ने बूथ सशक्तिकरण पर बिन्दुवार बारीकियों से विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होनें कहा महानगर की सभी बूथ मजबूत हो, इसके लिए हम सभी को गंभीरता से सार्थक प्रयास करनी हैं। उन्होंने मंडल अध्यक्षों को बूथ सशक्तिकरण के लिये सभी कार्यों को शीघ्र सम्पन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी मंडलों में प्रभारी व प्रवासी नियुक्त किये गए हैं जो आगामी 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक बूथों पर प्रवास कर सदस्यों के संग नियमित बैठक कर लोगों को जोड़ने संबंधी अन्य कार्यों के माध्यम से बूथों के सशक्तिकरण और सत्यापन की दिशा में कार्य करेंगे। भाजपा महानगर अध्यध गुंजन ने कहा महानगर के सभी बूथ को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करना है। बूथ सशक्तिकरण अभियान के दूसरे चरण में प्रभारी व प्रवासी की नियुक्ति की गयी। कार्यकर्ता बूथ स्तर पर केन्द्र की योजनाओं से लाभान्वित परिवारों से संपर्क को तेज करेंगे। जनता के बीच राज्य की हेमंत सरकार के वादाखिलाफी व विफलता को भी प्रमुखता से उजागर करने का कार्य करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने किया। मौके पर चंद्रशेखर मिश्रा, बिनोद, राजकुमार, दिनेश, नीरज, राजन, जटाशंकर, अनिल, डॉ राजीव, राजकुमार, सुधांशु, बबुआ, संजीव, राकेश, जितेंद्र, पप्पू, नीलू मछुआ, बोलटू सरकार, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, बिनोद, कौस्तव, अधिकारी, समेत अन्य उपस्थित रहे।

# टाटा मोटर्स ने एलपीटी 1916 के नये मॉडल का किया लांच

**आजाद सिपाही सवांददाता**



**आदित्यपुर।** भारतीय बहुराष्ट्रीय ऑटोमोटिव निर्माण कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड ने ग्राहकों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए एलपीटी 1916 मॉडल को बाजारो में उतारा है। यह मॉडल टाटा मोटर्स के अधिकृत डीलर मिथला मोटर्स के सभी शोरूम में उपलब्ध होंगे। वाहन मालिकों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने इसे डिजाइन किया, जो निश्चित रूप से लाभकारी साबित होगी। शनिवार को ग्राहकों को जानकारी देते हुए मिथिला मोटर्स की अधिकारी ने बताया इसमे बचत भी, भरोसा भी के फलसफे को ध्यान में रखते हुए कंपनी इस कमर्शियल गाड़ी का निर्माण किया। यह गाड़ी 18/20/22 और 24 फीट के डाला के साथ उपलब्ध रहेगी। इस गाड़ी का कुल वजन 18.5 टन व लोडिंग क्षमता 13 टन की होगी। इसके इंजन की क्षमता 3.3 एलएनजी है। साथ ही हेवी मोड स्विच और हेबी लाइट मोड में उपलब्ध रहेगी। इसमें गियर शिफ्ट एडवाइजर की सुविधा भी दी गयी है। साथ ही कम घिसने वाला टायर लगाया गया। कार की तरह इसमें क्रेश कंट्रोल लगा है।केबिन के अंदर चालक चल फिर सकेगा व ब्लूटूथ की सुविधा भी उपलब्ध कराई गयी है।

उन्होंने बताया इसमें व्हीकल ट्रैकिंग व ट्रेकिंग सिस्टम के साथ फ्यूल थेफ्ट अलर्ट लगाया गया। गाड़ी 1 लीटर ईंधन में 7.5 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

# ग्रेजुएट कालेज में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर के साकची स्थित ग्रैजुएट कालेज के हिन्दी विभाग के द्वारा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज की प्राचार्या डॉ वीणा सिंह प्रियदर्शी व विशिष्ट अतिथि विभागाध्यक्ष डॉ. भारतीय कुमारी शामिल हुए। मौके पर अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित व दिनकर जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्या ने कहा रामधारी सिंह दिनकर कवि थे। वे अपनी कविताओं में भारतीय जनमानस में चल रही परिस्थितियों का चित्र उकेरा करते थे। मुख्य वक्ता हिन्दी विभाग के प्राध्यापक राकेश कुमार पाण्डेय ने कहा दिनकर अपनी कविताओं में भारतीय चिंतन को व्यक्त करते थे। वे युद्ध को अनिवार्य बतलाते थे साथ ही उसका भयंकर परिणाम से भी अवगत कराते हैं। रश्मिरथी में उन्होंने न्याय अन्याय की बात कही है,तो परशुराम की प्रतीक्षा में उन्होंने भारतीय जनमानस को उनकी पौरुषता को जगाने का कार्य किया। दिनकर जी अपनी रचनाओं में कलम और तलवार के महत्व बतलाते हुए लोकतंत्र की शक्ति का भी आभास कराते हैं। कार्यक्रम में स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष डॉ भारती कुमारी, मंच संचालन सुष्मिता महतो व धन्यवाद ज्ञापन संतोषी कुमारी ने किया। इस अवसर पर स्नेहा मुर्मू, संतोषी, लक्ष्मी कालिंदी ने नृत्य प्रस्तुत की। वही श्रुति कुमारी ने दिनकर की कविता पाठ की। इस अवसर पर कंचन, आशा, जयश्री, शकुंतला, कविता, संगीता, सोनी, खुशी, संतोषी, शिवानी प्रधान, सहित सेमेस्टर 6, सेमेस्टर 4, सेमेस्टर 2 व सेमेस्टर 1 की सैकड़ो छात्राएं शामिल रही।

# झामुमो ने स्व. विनोद बिहारी महतो को दी श्रद्धांजलि,100वीं जयंती पर काटा केक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के झामुमो जिला समिति के द्वारा साकची स्थित जिला संपर्क कार्यालय में केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी रहे स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो का 100 वा जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शनिवार को झामुमो नेता सह 20 सूत्री सदस्य प्रमोद लाल के नेतृत में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में झामुमो के वरिष्ट नेता व सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर सभी ने बारी बारी से अपने लोकप्रिय नेता रह चुके स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की याद में उनके चित्र के समक्ष पुष्प देकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर उनके 100 वा जन्म जयंती के अवसर पर केक काटा गया। इस अवसर पर झामुमो नेता प्रमोद लाल ने कहा विनोद बिहारी महतो झारखंड के जननायक थे। उन्होंने राज्य में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेकों स्कूल व कॉलेज निर्माण में अहम भूमिका निभाये। ताकि झारखंड में रहने वाले खासकर ग्रामीण लोग शिक्षित हो सके। साथ ही अपने समाज व राज्य को आगे बढ़ाने में कामयाब हो सके। आज भी लोग उनके द्वारा किए गए कार्य का सराहना करते हैं। इस अवसर पर 15 सूत्री सदस्य शेख बदरुद्दीन,वीर सिंह सुरेन, अरुण, राज, अरविंद, आर श्रीनिवास, परवेज सहित सैकड़ो झामुमो नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी, एक गिरफ्तार

# 2000 केजी जावा महुवा, डेढ़ सौ लीटर चुलाई शराब 52.1 विदेसी लीटर शराब और दो मोटरसाइकिल बरामद

**आजाद सिपाही सवांददाता**



**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिले के उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर जिले में अवैध शराब माफियाओ के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। शनिवार को गुप्त सूचना से आधार पर उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश मिलते ही विभाग के पदाधिकारी ने राजनगर व गम्हरिया थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस की मदद से संचालित अवैध शराब भट्टी के खिलाफ कार्रवाइ की। मौके पर अवैध संचालित भट्टी के साथ विदेशी शराब की नकली बोतले बनाने की जानकारी मिली। आबकारी विभाग ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से उक्त स्थल पर छापामारी करते हुए 2000 केजी जावा को विनस्ट किया। साथ ही डेढ़ सौ लीटर चुलाई शराब, 52.1 लीटर विदेसी शराब व दो मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। छापेमारी के दौरान अवैध कारोबार में शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट कर रहे लोगों पर गढ़वा पुलिस रख रही है नजर : एसपी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** फेक आईडी बनाकर सोशल मीडिया पर चला रहे लोगों पर गढ़वा पुलिस सीधी नजर रख रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने बताया कि विगत कई दिनों से सूचना मिल रही है कि फेसबुक ट्वीट आदि पर लोग फर्जी आईडी बनाकर आपत्तिजनक विद्वेष फैलाने वाली पोस्ट कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपनी मीडिया सेल के माध्यम से वैसे लोगों पर काफी नजदीकी से मॉनीटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फर्जी आईडी बनाकर चलने वाले लोग यह सोच रहे होंगे कि वह बच जाएंगे यह नामुमकिन है। उन्होंने कहा कि वैसे लोगों को चिन्हित कर इसके बाद गिरफ्तार कर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अनुरोध किया है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल खूब करें, लेकिन उस पर आपत्तिजनक विद्वेष दुराचार आदि जैसे मैसेज को नहीं फैलाएं। उन्होंने कहा कि जो ग्रुप चला रहे हैं उसका एडमिन को भी इस बात पर निगरानी रखना है ताकि इस तरह का मैसेज ना फैलाएं।

### नकली पिस्तौर दिखा कर लूटकांड में शामिल एक अपराधी समेत तीन नाबालिग गिरफ्तार

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भंडारिया पुलिस ने नकली पिस्तौल दिखाकर मोटरसाइकिल लूट कांड के अंतराज्यीय गिरोह के एक अपराधी सहित तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से सीजी 15सी एच 5635 पैशन प्रो मोटरसाइकिल, लूटी गई सैमसंग कंपनी की मोबाइल, दो सिल्वर रंग की पिस्टल लाइटर एवं वीवो कंपनी की एक मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति भंडरिया थाना क्षेत्र के कंजिया गांव निवासी राजू तिर्की बताया गया है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि भंडरिया थाना अंतर्गत 16 सितंबर को शिंजो गांव निवासी विजय कुमार नायक का पुत्र रंजीत कुमार नायक से हरता गांव से काम करके रात्रि 8:00 बजे अपने घर वापस आने के दौरान मंजरी मुख्य मार्ग पर चार अज्ञात अपराधियों द्वारा उसका मोबाइल एवं मोटरसाइकिल लूट ली गयी थी। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक संतोष कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त टीम के द्वारा तवरित कार्रवाई करते हुए कांड में सम्मिलित अपराधियों को लूटी गई मोबाइल, बाइक एवं दो पिस्टल लाइटर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि अपराध में शामिल तीन विधि विरुद्ध किशोर को भी निरुद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह भंडरिया थाना प्रभारी रामकंडा थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, पुलिस निरीक्षक दीपक राणा, संतोष कुमार रवि, संजय कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### पाल्हे जतपुरा गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शोभा जल यात्रा में झारखंड के राज्यपाल शामिल होंगे



**श्रीबंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** विंध्य क्षेत्र अंतर्गत श्री बंशीधर नगर प्रखंड के पाल्हे जतपुरा गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शोभा जल यात्रा में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल होंगे। इसके लिए राज्यपाल ने समिति को अपनी सहमति दे दी है। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति के संरक्षक सह पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी की अगुवाई में समिति के लोग राज्यपाल से मिलकर यज्ञ के शोभा जल यात्रा में शामिल होने के लिए निमंत्रण देकर अनुरोध किया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने समिति के अनुरोध पर आगामी 23 अक्टूबर को श्री बंशीधर नगर आकर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के शोभा जल यात्रा में शामिल होने की अनुमति दी है। बताते चलें कि देश के महान संत श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज पाल्हे जतपुरा गांव में अपने चातुर्मास्य व्रत में हैं। व्रत के उपरांत भव्य व विशाल श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ की जल यात्रा 23 अक्टूबर को प्रस्तावित है। वहीं यज्ञ की पूणार्हुति 28 अक्टूबर को होगी। 27 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय संत सम्मेलन सह अंतर्राष्ट्रीय भजन संध्या का आयोजन भी किया गया है। संत सम्मेलन में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होने के लिए अपनी सहमति दिए हैं। मौके पर समिति के विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह, अनिल केशरी, उमेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## प्रेस कांफ्रेंस : विरासत में मिला जर्जर गढ़वा, आज चारों तरफ है विकास की चमक

# 30 करोड़ की लागत से सात सड़कों का होगा निर्माण : मंत्री मिथिलेश

**आजादी के बाद पहली बार सुगम होगा खुथुआ मोड़ से बिराजपुर सड़क**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा में लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से सात सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत लगभग 34 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में बनने वाली इन सात सड़कों में खुथुआ मोड़ से बिराजपुर सड़क को आजादी के बाद पहली बार बेहतर तरीके से बनाया जा रहा है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इसके तहत गढ़वा प्रखंड में एक करोड़, 75 लाख, 15 हजार, 900 रुपए की लागत से कमता आरईओ रोड से डटमा प्राथमिक विद्यालय तक दो किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। साथ ही चार करोड़, छह लाख, 34 हजार , एक सौ रुपए की लागत से एनएच 343 से भदुमा होते हुए महुलिया पीडब्ल्यूडी तक 5.1 किमी पथ, 66 लाख, 84 हजार, तीन सौ रुपए की लागत से गढ़वा रेलवे स्टेशन गेट नंबर 5 सोनपुरवा से महुराम बस्ती तक एक किमी सड़क, मेराल प्रखंड में चार करोड़, 20 लाख, 57 हजार, 900 रुपए की लागत से एनएच 75 अर्पित लाईन होटल से पंचायत भवन होते हुए मेराल-डंडई पीडब्ल्यूडी रोड तक 4.72 किमी सड़क, एक करोड़, आठ लाख, सात हजार, 700 रुपए की लागत से पीएमजीएसवाई पथ अलगहवा पत्थर से हरिद्वार मिश्रा के घर होते हुए रामेश्वर राम के घर तक 1.23 किमी सड़क, एक करोड़, एक हजार रुपए की लागत से बंका स्टैंड से आंगनबाड़ी होते हुए पीएमजीएसवाई रोड भंडार तक 1.6 किमी सड़क तथा रामकंडा प्रखंड में 15 करोड़ 82 लाख 43 हजार, 200 रुपए की लागत से पीएमजीएसवाई रोड बिराजपुर से एनएच 343 खुथुआ मोड़ वाया बलीगढ़ तक 17.7 किमी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद उन्हें विरासत में खोखला और जर्जर गढ़वा मिली थी, परंतु आज चारों तरफ विकास की चमक है। वे किसी भी प्रकार की नकारात्मक राजनीति नहीं करते हैं। हमें सिर्फ विकास के मार्ग पर आगे बढ़ना है। लोगों ने गढ़वा की पुरानी स्थिति को करीब से देखा है। साथ ही आज के गढ़वा को भी लोग देख रहे हैं। जनता सिर्फ विकास का मार्ग अपनाना चाहती है। यह सभी को पता है कि मेरे कार्यकाल से पूर्व गढ़वा में क्या विकास कार्य हुआ था। यहां के लोग बहुत दिनों तक ठगी के शिकार हुए । परंतु अब जालसाजी, धोखा घड़ी, झूठ, फरेब नहीं चलेगा। गढ़वा की जनता का इसी तरह सहयोग मिलता रहा तो गढ़वा विकास के पथ पर हमेशा आगे बढ़ता रहेगा।

## महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं, पूरे झारखंड में सुनाई देगी आंदोलन की गूंज : जिप अध्यक्ष

**पूर्व विधायक संबंधित महिला का नाम सार्वजनिक करें, नहीं तो महिला अपमान के विरुद्ध पूरे राज्य में होगा उग्र आंदोलन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने कहा है कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी द्वारा किया गया महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री तिवारी संबंधित महिला का नाम सार्वजनिक करें, नहीं तो महिला अपमान के विरुद्ध पूरे राज्य में उग्र आंदोलन होगा। इस आंदोलन की गूंज पूरे झारखंड में सुनाई देगी। वे प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें बोल रहीं थीं।

जिप अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व विधायक महिलाओं को कमजोर एवं पैर की जूती समझना छोड़ दें। यह अपमान सिर्फ गढ़वा ही नहीं पूरे झारखंड एवं देशभर की महिलाओं का अपमान है। केंद्र सरकार एक ओर जहां महिला आरक्षण बिल ला रही है, वहीं भाजपा नेता श्री तिवारी महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। इससे भाजपा का दोहरा चरित्र उजागर हो गया है। श्री तिवारी के बयान के विरोध में पूरे राज्य में भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

मौके पर बरडीहा जिप सदस्य अर्चना प्रकाश ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से पूछा जाएगा कि क्या भाजपा नेताओं को इसी तरह से महिलाओं का अपमान करने की बात बताई जाती है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं बाबूलाल मरांडी आदि के कार्यक्रम में भी सभी महिलाएं विरोध प्रदर्शन करेंगी। साथ ही आने वाले चुनाव में सभी महिलाएं एकजुट होकर भाजपा को करारा जवाब देंगी। उन्होंने कहा कि श्री तिवारी भाजपा की महिलाओं को आगे कर अपनी गलती पर पर्दा डालने का भी प्रयास कर रहे हैं। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मेराल प्रमुख दीपमाला ने कहा कि भाजपा नेत्री अंजली गुप्ता अपने निजी स्वार्थ के लिए पूरे देश की महिलाओं के सम्मान की बलि दे रही हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए। वे खुद एक महिला होकर भी महिलाओं के सम्मान की रक्षा करने के बजाय दूसरे की गलती पर पर्दा डाल रही हैं। प्रेसवार्ता में इनके अतिरिक्त प्रमिला देवी, रजनी शर्मा, अंजू यादव, नेहा कुमारी, गढ़वा प्रमुख विमला देवी उपस्थित थीं।

## नाबालिग लड़की की शादी के मामले में दूल्हा, पंडित सहित 58 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज

**बाल विवाह करने, कराने और शादी में शामिल होने वालों पर होगी कार्रवाई : प्रणव कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाल कल्याण समिति गढ़वा ने बाल विवाह करवाए जाने के मामले में आठ लोगों के विरुद्ध नामजद तथा लगभग 50 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया है। कार्रवाई मेराल थाने में बीडीओ सह बाल विवाह निषेध पदाधिकारी के माध्यम से गढ़वा सीडब्लूसी के निर्देश पर की गयी। इस मामले में जानकारी देते हुए बाल कल्याण समिति गढ़वा के अध्यक्ष प्रणव कुमार ने बताया कि डंडा थाना क्षेत्र के गढ़ौता गांव निवासी बिहारी चौधरी उर्फ अमित चौधरी पिता गणेश चौधरी (45) ने एक दूसरे गांव की 16 वर्षीय छात्रा के साथ शादी की है। इस मामले में मंदिर में शादी करवाने वाले पंडित विश्वनाथ मिश्र, ठाकुर, लड़की के पिता दशरथ चौधरी, लड़की की मां प्रमिला देवी, लड़का बिहारी चौधरी उर्फ अमित चौधरी, लड़के के पिता गणेश चौधरी, लड़के की मां के अलावा शादी में बढ़-चढ़ कर भूमिका निभाने वाले तथा शादी में शामिल वाहन के मालिक गोविंद पांडे, सुग्रीव चौधरी, बाजा बजाने वाले तथा बाराती में शामिल होने वाले लगभग 40 लोगों के विरुद्ध मेराल थाना में मामला दर्ज करवाया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष प्रणव कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की से शादी करने वाले अमित कुमार चौधरी पूर्व में भी दो शादियां कर चुका है। जिसमें से उसकी दूसरी पत्नी ने शादी के पूर्व इस मामले की सूचना सीडब्लूसी को दी थी। इस पर संज्ञान लेते हुए सीडब्ल्यूसी ने शादी नहीं करने के लिए बॉन्ड पेपर पर दोनों पक्ष से हस्ताक्षर करवाया था। उन्हें चेतावनी दी गई थी कि नाबालिग लड़की की शादी न करवाएं लेकिन गुपचुप तरीके से मेराल थाना क्षेत्र के एक मंदिर में उक्त नाबालिग लड़की से बिहारी चौधरी उर्फ अमित चौधरी ने शादी कर ली। इस मामले में शादी में शामिल होने वाले तथा शादी समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले सभी लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया गया है। मेराल प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से थाने में एफआईआर दर्ज करवाया गया है।

## सतबहिनी झरना मंदिर कमेटी गठन को लेकर हिंदू धार्मिक न्यास परिषद की आमसभा 25 सितंबर को

**कार्यकारी अध्यक्ष ने आमसभा का किया विरोध, लोगों से भाग नहीं लेने की अपील की**

**कहा- झारखंड हाईकोर्ट में विचाराधीन मामले का निर्णय आने से पूर्व आमसभा बुलाना न्यायालय की अवमानना है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल के कार्यकारी अध्यक्ष अजय सिंह ने झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास परिषद रांची के द्वारा गढ़वा जिले की सतबहिनी मंदिर कमेटी के पुनर्गठन के लिए 25 सितंबर को आमसभा की तिथि निर्धारित किये जाने को गलत बताया है। साथ ही आम लोगों से इसमें भाग नहीं लेने की अपील की है। कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि जब यह मामला झारखंड हाईकोर्ट में विचाराधीन है, तो फिर उसका निर्णय आने के पूर्व कमेटी गठन के लिये आमसभा बुलाना पूरी तरह से माननीय उच्च न्यायालय की अवमानना है। उन्होंने कहा कि सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल कमेटी विवाद से संबंधित डब्ल्यू पीसी नंबर 5683/ 2017 की सुनवाई की तिथि 22 सितंबर 2023 को निर्धारित थी, परंतु दुर्भाग्य से उच्च न्यायालय के वर्तमान एक न्यायाधीश का निधन हो जाने के कारण उच्च न्यायालय में उस दिन अवकाश हो गया। इसके कारण इस मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। इसके बाद न्यायालय द्वारा अगली तिथि शीघ्र ही निर्धारित होगी। कार्यकारी अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य के हिंदू धार्मिक न्यास परिषद रांची को इसकी सूचना दी जा चुकी है, फिर भी अभी तक आम सभा स्थगित नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय में विचाराधीन मामले पर आगे की कार्रवाई नहीं की जा सकती है। इसके कारण झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास परिषद रांची से आग्रह किया गया है कि आमसभा स्थगित की जाये और माननीय उच्च न्यायालय के फैसले के बाद ही आम सभा बुलाई जाए। कार्यकारी अध्यक्ष श्री सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं और आम ग्रामीणों से अपील की है कि यदि इसके बाद भी झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास परिषद 25 सितंबर को आमसभा करती है, तो इसमें वे भाग नहीं लें। जब न्यायालय के फैसले के बाद आमसभा की घोषणा होगी, तो इसकी जानकारी सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को दी जायेगी।

### झामुमो के लोगों को सत्ता जाने का डर सताने लगा है : अंजली गुप्ता




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरिष्ठ नेत्री अंजली गुप्ता ने कहा कि झामुमो के लोगों को सत्ता जाने का डर सताने लगा है। यही कारण है कि पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी को बेवजह बदनाम करने की साजिश की जा रही है। लेकिन झामुमो के लोगों की सभी साजिश बेनकाब हो जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने महिलाओं के संबंध में ऐसा कोई वक्तव्य नहीं दिया है। जिससे महिलाएं का अपमान हो। उन्होंने कहा कि बिना आग के धूआ नहीं उठता है। झामुमो की कुछ महिलाएं दबाव के कारण मजबूरी में पूर्व विधायक पर आरोप लगा रही हैं। झामुमो के लोग सत्ता जाने की बौखलाहट में आकर और पूर्व विधायक को बदनाम करने के लिए विरोध मार्च में भोली-भाली महिलाओं को राशन और पेंशन के नाम पर बुलाया था। जिसका खुलासा सोशल मीडिया में महिलाओं ने स्वयं कर दी है कि उन्हें पेंशन और राशन के नाम पर बुलाया गया था। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक के चार प्रखंड रंका, रमकंडा, चिनियां और मेराल की सभा में उमड़ी भीड़ से झामुमो के लोगों को यह समझ में आ चुका है कि जनता अब बदलाव के मूड में है। यही कारण है कि झामुमो के लोग ऐन, केन प्रकारेण पूर्व विधायक को बदनाम करने का भरपूर प्रयास में हैं। लेकिन गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र की जनता सब समझ चुकी है।

### महिला आरक्षण बिल पास होने पर भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महिला शक्ति को दी बधाई



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** महिला आरक्षण बिल पास होने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महिला शक्ति को बधाई दी है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री पांडेय ने कहा है कि देश की आधी आबादी को 33% आरक्षण देने के बाद अब देश की महिलाओं में राजनीतिक रूप से ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ही देन है कि भारतीय नारी कई क्षेत्रों में ऊंचे मुकाम हासिल कर अपनी प्रतिभा और क्षमता का लोहा मनवा रही हैं। ऐसे क्षेत्र जो पूरी तरह महिलाओं के लिए प्रतिबंधित थे। वहां महिलाए शान से कम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ही देन है कि महिलाओं के नाम पर आवास, उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं को लेकर गरीब दबी कुचली महिलाओं का मनोबल ऊंचा कर समाज में प्रतिष्ठा दिलवाया। रक्षा के सभी क्षेत्र में महिलाओं को ऊंचाइयों की उड़ान भरने का मार्ग प्रशस्त किए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्र की आधी आबादी कही जाने वाली महिलाएं अब दहलीज लांघकर पहले के वनिस्पत और पुरजोर तरीके से पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगी। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम मोदी के द्वारा देशहित में लिए गए कई फैसले देश को सबल राष्ट्र बनाने में सफलता पाई है। यही कारण है कि भारतीयों को आज विदेशों में बड़ी इज्जत और सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सबका साथ और सबका विकास वाला फार्मूला देश को विकसित राष्ट्र बनाएगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से पिछड़े स्वर्णों को भी 10 प्रतिशत आरक्षण देकर पिछड़े स्वर्णों को भी सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का उनका प्रयास सराहनीय रहा है।

### पत्रकार की माता के निधन पर शोक व्यक्त

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** एक अखबार के मझिआंव प्रतिनिधि विनय कुमार की माता जगरूपा कुवर (68) का शुक्रवार की रात्रि जॉन्डिस बीमारी से निधन हो गया। परिजनों द्वारा बताया गया कि उनका इलाज उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित बीएचयू अस्पताल से चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना के कादल में कोयल नदी के तट पर किया गया। उनकी माता के निधन होने पर मझिआंव के अखिलेस्वर ठाकुर, अनूप सिंह, उपेन्द्र वर्मा, मनोज कुमार दुबे, सत्यम जायसवाल, अमित कुमार मेहता, सूर्यप्रकाश मेहता आदि पत्रकारों द्वारा प्रखंड कार्यालय के कक्ष में शोक सभा की गयी। साथ ही दो मिनट का मौन रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इधर बीडीओ नितेश भास्कर, सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता एवं मनरेगा बीपीओ अखिलेश कुमार सहित कार्यालय कर्मियों ने शोक व्यक्त किया।

## कार्यक्रम : भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गढ़वा में बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला आयोजित

# प्रदेश संयोजक ने कार्यकर्ताओं को बूथ को मजबूत बनाने का गुरु मंत्र दिया

**जिला अध्यक्ष ने 5 अक्टूबर को बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को सफल बनाने का किया आह्वान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गढ़वा में बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश के प्रवक्ता एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान के प्रदेश संयोजक योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि चुनाव में बूथ कार्यकर्ताओं की भूमिका बहुत ही अहम होती है। बूथ को कैसे मजबूत बनाना है उस पर उन्होंने गुरु मंत्र दिया। जिससे आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पुनः देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनें। इसके लिए सभी को सजग रहकर कार्य करने की जरूरत बतायी। सभी बीएलओ दो का विधानसभावार सम्मेलन करने का जरूरत बताई। जिससे आने वाले चुनाव में इसका लाभ मिले। अभी सरकार के द्वारा बूथों का पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। उसमें नये मतदाताओं को जोड़ने का आग्रह किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने सभी मंडल अध्यक्ष को निर्देशित किया सभी शक्ति केंद्र पर बैठक कर अपने बूथों पर सशक्त कमेटी बनाने के दिशा निर्देश दिये। आगामी 5 अक्टूबर को झारखंड प्रदेश के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा कार्यक्रम सफल बनाने का आह्वान किया एवं अधिक से अधिक कार्यकर्ता आयें इसकी तैयारी पर चर्चा की। भाजपा नेता जवाहर पासवान ने कहा कि आज जिस तरह देश में दो तरह की राजनीति का ध्रुव बन रहा है। एक तरफ भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर राष्ट्र सेवा में लगे हैं। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत पुनः विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ताओं के ऊपर और जिम्मेवारी बढ़ जाती है। बैठक में शारदा महेश प्रताप देव एवं रघुराज पांडे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र द्विवेदी, उमेंद्र यादव, राजीव रंजन तिवारी, जिला मंत्री ठाकुर प्रसाद महतो, महेंद्र सिंह, मधु लता कुमारी, विवेकानंद तिवारी, बजेंद्र पाठक, सुरेंद्र विश्वकर्मा, मुरारी यादव, विनोद तिवारी, उमेश कश्यप, उदय मेहता, अखिलेश तिवारी, बसंत प्रसाद, शिवलाल सिंह, राजेश्वर ठाकुर, बजरंग प्रसाद, कुमार कनिष्क, दिलीप यादव, बलजीत सोनी, अवध बिहारी गुप्ता, सोना किशोर यादव, कन्हाई प्रसाद, संध्याकार विश्वकर्मा, रामलाल दुबे, लक्ष्मण राम, संजय यादव, शशि रंजन दुबे, प्रेमानंद त्रिपाठी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान के प्रवासी प्रभारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### विशुनपुरा में मिट्टी की दीवार गिरने से महिला की मौत

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पिपरी खुर्द निवासी 27 वर्षीय रीशा देवी की मौत मिट्टी की कच्ची दीवार गिरने से हो गई। घटना शनिवार सुबह छः बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक रीशा देवी अपनी बच्ची को शौच कराने के लिए गली से गुजर रही थी कि मिट्टी की दीवार उसी पर गिर पड़ी। आसपास के ग्रामीण महिला को मिट्टी की दीवार के नीचे दबी महिला को निकाल कर प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल विशुनपुरा ले गए। गंभीर स्थिति को देख परिजन जिला मुख्यालय सदर अस्पताल गढ़वा ले जा रहे थे, कि ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों ने बताया कि मृतका का पति ओडिसा कमाने गया है।

## शैलपुत्री फाउंडेशन स्कूल भरनो में करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजित



**भरनो (आजाद सिपाही)।** शैलपुत्री फाउंडेशन स्कूल भरनो में करमा पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने करम गीत पर नृत्य किया। मांदर की थाप पर बच्चे झूमते देखे गए। स्कूल के निदेशक विनय केशरी ने कहा कि प्रकृति पर्व करम का त्यौहार हमारे पूर्वजों की धरोहर है। आज हम सभी पूर्व संध्या कार्यक्रम मना रहे हैं। यह हम सबों के लिए खुशी की बात है। प्रत्येक वर्ष करमा त्यौहार के अवसर पर पूर्व संध्या का कार्यक्रम मनाया जाता है। करम त्यौहार के माध्यम से हम अपनी संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। करम पूर्व संध्या कार्यक्रम में सांस्कृतिक दल बड़ी संख्या में पारंपरिक वेशभूषा एवं बाजा गाजा के साथ शामिल हुए और गीत संगीत और नृत्य की प्रस्तुति की। मौके पर शैलपुत्री फाउंडेशन भरनो के द्वारा स्कूली बच्चों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। मंच का संचालन श्रुति केशरी ने किया। मौके पर अनीता बारला, निर्मला कुमारी, विकास गुप्ता, स्वाति तिर्की, सुमंन कुमारी, दीपशिखा कुमारी, अनिल गोप, रजनित धान, उपासना कुमारी सहित अन्य शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे।

## बीएन जालान कॉलेज में करम पूर्व संध्या सह करम मिलन समारोह आयोजित



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बी.एन. जालान कॉलेज सिसई में गुरुवार को करमा पूर्व संध्या सह करमा मिलन समारोह मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा करमा डाली की विधिवत पूजा अर्चना की गयी और भाई-बहनों की स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना के बाद सामूहिक रूप से छात्राओं ने करमा गीत संगीत पर ढोल मांदर की थाप पर जमकर नृत्य किया। करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य आदित्य विक्रम देव के साथ शिक्षक व कर्मचारियों ने शामिल होकर छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया।

## बसिया पालकोट फार्मर प्रोड्यूशर कंपनी की चतुर्थ वार्षिक आमसभा आयोजित

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया पालकोट फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड की चतुर्थ वार्षिक आम सभा अंचल सभागार में आयोजित की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ सीओ सह बीडीओ रविन्द्र कुमार पांडेय, प्रमुख जगरानी तिग्गा एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पूर्व बसिया महिला मंडल की दीदियों द्वारा स्वागत गान गाया गया। आमसभा में कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सुनायी गयी। इस मौके पर कंपनी के कार्य क्षेत्र बसिया, पालकोट एवं सिसई के संबंध में कम्पनी के उद्देश्य, लक्ष्य एवं वैल्यू के सम्बंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इसके साथ ही कंपनी की प्रमुख गतिविधियों, इनपुट आउटपुट व्यापार, कंपनी के संसाधन, भविष्य की योजना एवं मुख्य चुनौतियां से भी उपस्थित अतिथियों और सदस्यों को अवगत कराया गया। मौके पर मुख्य रूप से नीरज कुमार, विनोद तिवारी समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## तीन चोरों को लोगों ने रंगेहाथ पकड़ा एक चोर की हुई धुनाई, दो हुए फरार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा रोड स्थित लूथरन स्कूल के समीप तीन चोरों को लोगों ने चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा। इसके बाद मौके से दो चोर फरार हो गए। वहीं लोगों ने एक चोर को पड़कर जमकर धुनाई की। इसके बाद गुमला थाना को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तीन चोर शुक्रवार की रात 8:30 बजे मनीष कुजूर के घर में घुस गए। इसके बाद घर वालों ने चोरों को पकड़ने का प्रयास किया। वहीं मौके से दो चोर फरार हो गए जबकि एक चोर सिमडेगा जिला अंतर्गत रेंगारी निवासी अनूप टेटे, पिता अल्बीनस टेटे को लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद उसकी जमकर धुनाई की। पूछताछ में चोर ने एक युवक का नाम ऑस्कर कुल्लू बताया जो टोंगरी टोली सिमडेगा का रहने वाला है। वहीं एक चोर के बारे में वह नहीं बता पाया। पकड़े गए चोर ने बताया कि लक्ष्मण नगर में उसकी दीदी का घर है। वहीं वह आया हुआ था। गुमला थाना के एसआई धनंजय घटना स्थल पर पहुंचे और लोगों के चंगुल से चोर को छुड़ाकर अपने कब्जे में लिया और सदर अस्पताल लेकर आए। वहीं चोर को पकड़ने के क्रम में घर मालिक मनीष कुजूर के पिता से चोर की उठा-पटक हो गई, जिससे मनीष के पिता को भी चोट लगी। पुलिस चोर से पूछताछ कर आगे कार्रवाई कर रही है।

**कार्यक्रम :** गुमला पॉलिटेक्निक में ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य पर 'हर घर ध्यान' कार्यशाला आयोजित

# विद्यार्थियों को ध्यान का अभ्यास और आत्म-देखभाल को प्राथमिकता देने के लिए किया गया प्रोत्साहित

**ध्यान तनाव को कम करने, ध्यान केंद्रित करने और आंतरिक शांति पैदा करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में काम कर सकता है : प्राचार्य**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज ने 'हार्टफुलनेस, रांची सेंटर' के सहयोग से ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य पर 'हर घर ध्यान' नामक एक परिवर्तनकारी तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह आयोजन 21 सितंबर, 2023 को शुरू हुआ और 23 सितंबर, 2023 को समाप्त हुआ। यह कार्यशाला मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने में ध्यान के महत्व पर केंद्रित थी। ऐसे युग में जहां तनाव और चिंता प्रचलित हो गई है, गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज ने हार्टफुलनेस, रांची सेंटर के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को संबोधित करने की पहल की है। 'हर घर ध्यान' का उद्देश्य मानसिक स्पष्टता बढ़ाने, तनाव कम करने और भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए ध्यान को दैनिक जीवन में कैसे एकीकृत किया जा सकता है, इस पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करना है।

संस्थान के निदेशक, अभिजित कुमार ऑनलाइन मोड के माध्यम से जुड़े और छात्रों को मानसिक शांति प्राप्त करने के लिए ध्यान का अभ्यास करने और आत्म-देखभाल को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया।

गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य शिबा नारायण साहू ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए एक प्रेरक भाषण दिया। डॉ. साहू ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे ध्यान तनाव को कम करने, ध्यान केंद्रित करने और आंतरिक शांति पैदा करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में काम कर सकता है। उन्होंने छात्रों और संकाय सदस्यों को अपने जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने के साधन के रूप में ध्यान अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

संस्था के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, अजीत कुमार शुक्ल ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया और अपने छात्रों और कर्मचारियों की भलाई के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने ध्यान के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया और संतुलित और स्वस्थ जीवन बनाए रखने में इसकी भूमिका को रेखांकित किया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया 'मोटर यान दुर्घटना दावा' विषय पर कार्यशाला आयोजित

**पुलिस, डॉक्टर और ट्रिब्यूनल का काम एक फैसिलिटेटर का होता है ताकि तुरंत पीड़ित परिवारों को मुआवजा का लाभ दिलाया जा सके : पीडीजे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** झालसा, रांची के निर्देश पर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, डालसा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा मोटर यान दुर्घटना दावा के संबंध में विस्तृत कार्यशाला का आयोजन व्यवहार न्यायालय, गुमला में किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार चंधरियावी और उपस्थित अतिथिगण के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गुमला ने मोटर दुघर्टना मुआवजा दावा के विविध आयामों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाले तथा कहा कि प्रतिभागियों को मोटर यान दुर्घटना मामलों से जुड़े प्रक्रिया को जानने का यह महत्त्वपूर्ण अवसर है, जिसका लाभ आप सभी लें। उन्होंने अपने वक्तव्य में मुख्य रूप से उच्चतम न्यायालय के द्वारा दिए गए निर्णय गौहर मोहम्मद बनाम उत्तर प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन का प्रमुख रूप से जिक्र किया तथा यह समझाने का प्रयास किया कि मोटरयान दुर्घटना दावों के मामले में पुलिस, डॉक्टर तथा ट्रिब्यूनल का काम मुख्य रूप से एक फैसिलिटेटर का होता है ताकि तुरंत पीड़ित परिवार को मुआवजा का लाभ पहुंचाया जा सके। कार्यशाला में मुख्य रूप से पुलिस अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया तथा मोटर यान दुर्घटना से संबंधित अपने-अपने संदेहों का समाधान किया। कार्यशाला के दौरान वक्ताओं के द्वारा मोटर दुर्घटना के मामले में पुलिस की व्यापक भूमिका, प्रारंभिक जांच रिपोर्ट की प्राथमिकता, समय सीमा के अंदर जांच पूरी करने तथा हिट एंड रन मामले में पीड़ित को मुआवजा राशि के भुगतान की प्रक्रियाओं को समझाया गया।

कार्यक्रम के दौरान एडीजे प्रथम डीसी अवस्थी, डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष, अधिवक्ता शैलेश कुमार, डीटीओ, गुमला, विजय सिंह बीरूवा तथा डॉक्टर नाग भूषण प्रसाद ने मोटरयान दुर्घटना दावा के संबंध में विस्तृत जानकारियां उपस्थित प्रतिभागियों से साझा की।

## सिकरियाटाड़ सरना स्थल पर गैर सरना धर्मावलंबियों ने लगाया झंडा

**ग्रामीणों ने सामूहिक जुटान कर नए पुजार का चुनाव कर झंडा हटाया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पाकरटांड़/सिमडेगा।** पाकरटांड़ प्रखंड के सिकरियाटांड़ सरना स्थल पर पिछले 19 सितंबर को गैर सरना धर्मावलंबियों के द्वारा सरना स्थल पर जुलूस लेकर झंडा लगा दिया गया। जिसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को होने पर आक्रोश का माहौल था। ग्रामीण शनिवार को सामूहिक रूप से एक जगह जुटान कर सरना स्थल पहुंचे और वहां पर लगाए गए झंडा को हटाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि गैर सरना धर्मवलंबियों के द्वारा साजिश के तहत इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया जा रहा है ताकि सरकार की तरफ से मिलने वाले सभी प्रकार के दोहरा लाभ ले सकें। लेकिन सरना समुदाय के लोग इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे और भविष्य में इस प्रकार का काम दोबारा करने वाले लोगों के ऊपर न्याय संगत ग्रामीणों के द्वारा कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि आज से पूर्व कभी भी गैर सरना धर्मावलंबियों के द्वारा इस प्रकार की हरकत नहीं की गयी थी जो कि एक सोची समझी साजिश के तहत की गई। लगातार सरना संस्कृति और सभ्यता को खराब करने के लिए गैर सरना धर्मावलंबियों के द्वारा प्रयास किया जा रहा है, लेकिन इसे कभी सफल होने नहीं दिया जाएगा।

इस मौके पर सामूहिक रूप से ग्रामीणों ने बैठक करते हुए सरना स्थल के लिए सोमरा बड़ाईक को नए पुजार के रूप में चुनाव किया गया। बताया गया कि यह पहानों के साथ मिलकर सरनाहित के लिए कार्य करेंगे। साथ ही गैर सरना धर्म द्वारा चुनाव किए गए पुजार की मान्यता खत्म की गयी।

मौके पर सभा अध्यक्ष बलदेव प्रधान, जयलाल बड़ाईक, जयन्त बेसरा, उदयभान बेसरा, सहित गांव के सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

**कार्यक्रम :** सरना मैदान बसिया में आदिवासी एकता मंच ने किया करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन

# करम पर्व आपसी प्यार और सद्भावना का प्रतीक हैं : विधायक जिग्गा होरो

**समारोह में आदिवासी विकास मंच ने अतिथियों को पारंपरिक अंग वस्त्र देकर किया स्वागत**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बसिया।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित सरना मैदान बसिया में आदिवासी एकता मंच बसिया के द्वारा करमा पूर्व संध्या समारोह का शनिवार को धूमधाम से आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने करमा पर्व की शुभकामनायें देते हुए कहा कि एक साथ पर्व त्योहार मनाना खुशी का पल है। हमलोग कामकाज के कारण एक जगह नहीं जुट पाते हैं। ऐसे में पर्व त्योहार में ही मिलन होता है। यह आपसी प्यार और सदभावना का प्रतीक है। हम आदिवासी समाज आगे बढ़ें और अपने बेटे-बेटियों को अच्छा संस्कार और शिक्षा दें। शिक्षा के बिना हम अधूरे हैं। विधायक ने कहा कि विगत 16 वर्षों से सिसई बसिया सड़क को कोई नहीं बनवाया, जिसे मैं बनवा रहा हूं और यह सड़क जल्द ही बन जायेगी। विधायक द्वारा करमा पूर्व संध्या समारोह में लोकगीत भी गायी गयी।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, एसडीपीओ विकास आनंद लांगुरी, बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के प्रखंड अध्यक्ष सुकरात उरांव, शशिकांत भगत समेत अन्य अतिथियों ने भी समारोह को संबोधित किया। समारोह के आयोजनकर्ता आदिवासी विकास मंच ने अतिथियों को पारंपरिक अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।

करमा पूर्व संध्या समारोह में बसिया प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आये डेढ़ सौ से अधिक खोड़हा दल के सदस्यों ने अपनी पारंपरिक वेश भूषा, नगाड़ा, शंख, घंट के साथ एकता प्रेम भाईचारगी के साथ धार्मिक कला संस्कृति का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। मंच संचालन अमरजीत डागवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर अच्छा नाच-गान और कला की प्रस्तुति करने वाले खोड़हा दलों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

मौके पर मुख्य रूप से शशिकांत भगत, दुर्गा पहान, सुकरात उरांव, फादर मतियस, कार्तिक भगत, मुखिया एमलेन कुल्लू, ललित उरांव, दिलीप तिर्की, सुशील सोरेंग, सिलास बाड़ा भरनो, आनंद तिर्की, रितवा कुल्लू, रश्मि मिंज, मरियम बेक, विश्वासी कुजूर, अंकीत चौधरी, अमित बघवार, रतिया इंदवार, सुजीत टेटे, सरिता उरांव, अमित तिवारी, मंगलेश्वर उरांव, फिलिसिता टोप्पो, थाना प्रभारी छोटू उरांव समेत बसिया से आये हुए खोड़हा दल के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कृषि विज्ञान केंद्र ने किया मोटा अनाज खाद्य पदार्थों की रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला व विकास भारती के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष पर आधारित खाद्य पदार्थों पर आयोजित रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रेसिपी प्रतियोगिता का शुभारंभ बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ प्रणव ऋतुराज, उपप्रमुख शिवा देवी, महेंद्र भगत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मोटा अनाज व रागी के लड्डू, खीर, खजूर केक, खीर सहित कई तरह की खाद्य सामग्री बनाकर लायी गयी थी। जिसका अतिथियों द्वारा मुआयना किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि मोटा अनाज से निर्मित इस खाद्य सामग्री का प्रतियोगिता निश्चित रूप से लोगों को उसके लाभ को सिखाएगा। यह बेहतर पहल है। रागी मोटे अनाज अत्यधिक प्रोटीन युक्त हैं। हमें इसके उपयोग को दिनचर्या में लाने की जरूरत है। मौके पर कृषि वैज्ञानिक संजय कुमार, अभिनंदन कुमार सहित प्रतियोगिता में शामिल कई लोग शामिल थे।

### प्रखंड समन्वयक ने व्यक्तिगत संपर्क एवं बैठक कर लाभुकों को आवास पूर्ण के लिए किया प्रेरित

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चलो करें आवास पूरा अभियान के अंतर्गत प्रखंड के सरांगो पंचायत भवन में लबित आवास के लाभुकों से व्यक्तिगत संपर्क एवं बैठक शनिवार को की गयी। इस क्रम में प्रखंड समन्वयक अशोक कुमार ने लाभुकों को आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही दो मृत लाभुक बालो देवी और बसंती देवी के आश्रितों को लाभ देने हेतु मौके पर ही दस्तावेज लेकर आवास दिलाने का भरोसा दिलाया। इधर क्षेत्र भ्रमण के दौरान आवास के लाभुक एतवा उरांव, सुमति देवी और मनोज उरांव को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। लाभुकों की सुविधा के लिए लोकल वेंडर के माध्यम से मटेरियल गिरने एवं कार्य प्रारंभ करने की व्यवस्था की गई। इस मौके पर उपस्थित मुखिया राजेश बड़ाईक, पंचायत सचिव बिरेन्द्र साहू, पंचायत समिति सदस्य सहित कई लोग मौजूद थे।

### भाकपा माले ने 28 सितंबर को जन सम्मेलन की सफलता को लेकर घाघरा व लरंगो सहित कई गांवों में की नुक्कड़ सभा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा 28 सितंबर 2023 को महानायक शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय गुमला में आयोजित जन सम्मेलन की सफलता के लिए घाघरा, गम्हरिया, नौडीहा तथा सिसई प्रखंड के लरंगो बाजार में नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह व वरिष्ठ किसान नेता शिवप्रसाद साहू ने कहा कि झारखंड को अविलंब राज्य सरकार सुखाड़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करे। किसानों की खेती समय पर बारिश नहीं होने के कारण बुरी तरह प्रभावित हुई है। इससे किसान काफी चिंतित हैं। नेताओं ने यह भी कहा कि मजदूर किसान द्वारा सहारा इंडिया, बेसिल कंपनी, एपीलाइन, साईं प्रकाश, बेड़ो बैंक इत्यादि कई कंपनियों में अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई जमा की गयी है, लेकिन मेच्योरिटी तारीख पूरा होने के बावजूद जमाकर्ताओं को पैसा नहीं मिला, जो काफी निंदनीय व दुखद है। नेताओं ने डूबा हुआ पैसा निकालने के इच्छुक जमाकर्ताओं से 28 सितंबर 2023 को दिन के 10 बजे गुमला कचहरी परिसर आकर फॉर्म भरने की भी अपील की है। जन सम्मेलन से संबंधित पंपलेट का भी वितरण लरंगो बाजार में किया गया। इस मौके पर सुभान उरांव, रमेश यादव, राजू सिंह सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### शैलेश उरांव स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता उपविजेता टीम को अतिथियों ने किया सम्मानित



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** नक्सल प्रभावित कसमार क्षेत्र के जोरी मैदान में आयोजित छह दिवसीय शैलेश उरांव स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन शनिवार को फाइनल मैच के साथ हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्व. शैलेश उरांव की पत्नी सुनीता देवी, विशिष्ट अतिथि सुखदेव उरांव, प्रहलाद महतो, रामदेव राम गोप, ब्रह्मदेव उरांव, अनिल भारती, सुनील नगेशिया, मुखिया कालेश्वर उरांव आदि लोगों ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन एवं दीप प्रज्वलित कर मैच का उद्घाटन किया। फाइनल मैच प्राथमिक विद्यालय की टीम बालिका पिपरा टोली बनाम जोरी के बीच खेला गया। जिसमें पिपरा टोली की टीम ने एक गोल से बढ़त बनाकर जीत हासिल की। बालक टीम में ऊपर हपाद को हराकर पिपरा टोली ने जीत दर्ज की। वहीं मध्य विद्यालय बालक वर्ग में चिलम पोखर ने हपाद को हराकर जीत हासिल की, बालिका वर्ग रेहलदाग ने बनालात को हराकर जीत दर्ज। जिन्हें अतिथियों द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में कुल 27 टीमों ने भाग लिया था। इस मौके पर सुभाष प्रताप खलखो भजन भगत रविंद्र भगत सहल उरांव राम लखन गोप मुन्नी देवी हरी विलास भगत प्रदीप ठाकुर वीरेंद्र कुमार भारती सहित कई लोगों उपस्थित थे।

### चाचा की हत्या के अभियुक्त को 10 साल की सजा व 25 हजार का जुर्माना

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हत्या के अभियुक्त मरदा टोंगरीटोली रायडीह निवासी प्रेम प्रकाश मिंज को अपने ही चाचा ओबेद मिंज की हत्या के मामले में धारा 304 के तहज 10 साल कठोर कारावास की सजा व 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकती है। वहीं इस मामले में 10 गवाही करायी गयी। सरकारी पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक मोहम्मद जावेद हुसैन ने पैरवी की। घटना नौ अगस्त 2021 की है। घटना के दिन प्रेम प्रकाश मिंज के टमाटर के खेत में ओबेद मिंज का बैल चला गया था और उसका टमाटर की फसल को बर्बाद कर दिया था। जिस बात को लेकर प्रेम व ओबेद के बीच में बहस होने लगी। इतने में प्रेम ने जामुन की लकड़ी उठायी और ओबेद के चेहरे व सिर में वार कर दिया। जिससे ओबेद मिंज गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने आबेद को रायडीह सीएचसी लाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

# सड़ने की कगार पर पहुंचा तीन वर्षों से विवाह मंडप में पड़ा हुआ अन्नपूर्णा योजना का 209 क्विंटल चावल

राम प्रकाश तिवारी

**नीलांबर पिताांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले में सुखाड़ की स्थिति है। सरकारी स्तर से गरीबों को अनाज देने के लिए अन्नपूर्णा योजना चलाया जाता है। 60 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों को अनाज देना है, लेकिन नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड में अन्नपूर्णा योजना का 209 क्विंटल चावल सड़ने की स्थिति में पहुंच चुका है। इस मामले में लेस्लीगंज पंचायत की मुखिया रेखा देवी ने सात महीने पहले तत्कालीन सीओ सह प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल को देवी मंडप स्थित विवाह मंडप में अनाज सड़ने की स्थिति से अवगत कराया था लेकिन अभी तक प्रखंड प्रशासन अनाज के वितरण की स्थिति से अवगत कराने में विफल साबित हो रहा है। यही कारण है कि अनाज सड़ने की कगार पर पहुंच गया है। मुखिया से प्राप्त आवेदन के आलोक में तत्कालीन अंचलाधिकारी ने विवाह मंडप में रखे अनाज की जांच भी की लेकिन अनाज खाली नहीं हुआ। ना ही अनाज का वितरण अन्नपूर्णा के लाभुको के बीच हो सका।


जनवरी में चावल की जांच करते तत्कालीन प्रभारी एमो सह सीओ की फाइल फोटो।

### अनाज का क्यों नहीं हुआ वितरण

अन्नपूर्णा योजना का चावल छह जून 2020 को 209 क्विंटल चावल विवाह मंडप में डंप हुआ। सवाल यह है कि तीन वर्ष के अधिक समय के बाद भी संबंधित लाभुकों तक यह अनाज क्यों नहीं पहुंचा। इस पर प्रखंड आपूर्ति शाखा और प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने चुप्पी साथ ली है। दूसरी ओर विवाह मंडप में तीन वर्षों से एक भी शादी विवाह नहीं हो सका। मंड़प के अभाव में नीम और पिपल के पेड़ के निचे ही गरीब की बेटियों की शादी हुई। विवाह मंडप और देवी मंडप एक ही परिसर में होने से वहां प्रतिवर्ष विवाह का कार्यक्रम होता है। लेकिन वर्षों से शादी के साथ ही धार्मिक आयोजन भी बाधित हो रहा है। इस मामले को लेकर श्री राम सेना की प्रखंड इकाई गंभीर है। संगठन की ओर से एक सप्ताह पूर्व विवाह मंडप को तत्काल खाली करवाने की मांग लिखित आवेदन देकर प्रखंड प्रशासन से की है। पर एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद अभी तक विवाह मंडप खाली नहीं कराया जा सका। इसलिए स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

### क्या कह रहे हैं आपूर्ति पदाधिकारी

प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि 209 क्विंटल अनाज के मामले में प्राप्त आवेदन के आलोक में प्रभारी अंचल अधिकारी सह बीडीओ अनिल कुमार से निर्देश मांगा गया है। इस मामले में जिला आपूर्ति पदाधिकारी से निर्देश प्राप्त होने के बाद विवाह मंडप खाली कराया जाएगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### काम करने चेन्नई गये आदिवासी मजदूर की मौत, शव पहुंचते ही गांव में पसरा मातम

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** काम करने चेन्नई गए झारखंड के आदिवासी मजदूर बाबूलाल सिंह का निधन हो गया। रोजगार की तलाश में वह 10 महीने पहले चेन्नई गया था। वहां एक कंपनी में मजदूरी कर रहा था। परिजनों की मानें तो तबीयत खराब होने के चलते वहां उसका निधन हो गया। शनिवार की सुबह मृतक का शव घर पहुंचा। काफी संख्या में ग्रामीण दाह संस्कार में शामिल हुए। मृतक की उम्र 50 वर्ष थी। उसकी दो लड़की और दो लड़के हैं। दाह संस्कार में भाकपा-माले नेता कमेश सिंह चेरो और शिवनाथ महतो आदि शामिल हुए। इस दौरान भाकपा-माले नेता कमेश सिंह चेरो ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार मजदूरों को रोजगार देने में विफल रही है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में गरीब आदिवासी, दलित एवं अन्य जाति के मजदूर दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश है। जहां उनकी समूचित इलाज की व्यवस्था भी नहीं होती है और काल के गाल में समा जाते हैं। उन्होंने मृतक के परिजनों को सरकार से तत्काल पांच लाख रुपये की मदद राशि देने की मांग की।

### स्वस्थ शरीर के लिए स्वच्छता जरूरी : विपुल सन्नी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद नगर पंचायत के सफाई कर्मियों की स्वास्थ्य जांच की गयी। साथ ही सात नंबर वार्ड में शिविर लगाकर सफाई कर्मियों के परिजनों का भी स्वास्थ्य जांच किया गया। इसके बाद सभी सफाई कर्मियों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी शुरू की गयी। अर्बन हेल्थ सेंटर के चिकित्सक डॉ दीपक कुमार द्वारा नपं के सफाई कर्मियों व परिजनों की स्वास्थ्य जांच कर संबंधित दवाइयां दी गई। नपं के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने कहा कि सफाई कर्मी घूम-घूमकर नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई करते हैं। इस दौरान सफाई कर्मी कई प्रकार के संक्रमण का शिकार भी हो जाते हैं। ऐसे में इनका नियमित स्वास्थ्य जांच जरूरी है। क्योंकि स्वस्थ शरीर के लिए स्वच्छता जरूरी है। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद सुहैल आलम, नगर प्रबंधक एन अंसारी, राकेश सिंह, हिमानी बाड़ा, पर्यवेक्षक अवधेश कुमार, संजीत कुमार, रवि यादव, बिजली मिस्त्री प्रदीप कुमारसमेत आदि मौजूद थे।

### नारी शक्ति वंदन सविंधान संशोधन विधेयक पास होने पर भाजपा महिला मोर्चा बांटे लड्डू



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा नगर मंडल महिला मोर्चा की ओर से संसद में नारी शक्ति वंदन सविंधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत कर सर्वसम्मति से पास करने पर विश्रामपुर में एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष किरण शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कई बरसों से महिला आरक्षण के नाम से सिर्फ राजनीतिक होती रहती थी, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। दोनों सदनों में महिला शक्ति बंधन विधेयक सर्वसम्मति से पारित होना मोदी सरकार की दूरदर्शिता का परिचायक है। संवैधानिक औपचारिकता जैसे जनगणना एवं परिसीमन के बाद आने वाले 2029 में लोकसभा एवं विधानसभाओं में एक तिहाई सीटों पर महिलाएं बैठने जा रही है जो ऐतिहासिक होगा। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, महिला मोर्चा महामंत्री अर्चना देवी, बेबी देवी, उर्मिला देवी, चिंता देवी, संगीता देवी, गुड्डी देवी, संतरा कुंवर, मीरा देवी, मीना देवी, सुषमा देवी, किरण गुप्ता, रेखा देवी, शिव कुमारी देवी, अनीता देवी, रीता देवी, भजयुमो अध्यक्ष संजय ठाकुर, रजनीश कुमार, बबलू, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, गिरधारी साव, सुरेश चंद्रवंशी, सचितानंद मेहता आदि उपस्थित थे।

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत नप ने चलाया जागरूकता अभियान



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत शनिवार को रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत नप के स्वछता ब्रांड एंबेसडर सह विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, समाजसेवी विजय कुमार रवि और नप पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर में झाड़ू लगाया और छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके अलावा छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का शपथ भी दिलाया। राजन पांडेय ने कहा कि स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है। इसे कार्य नहीं वरन आदत के रूप में अपनाने की जरूरत है। विजय कुमार रवि ने कहा कि स्वच्छता की शुरूआत खुद से करें इसके बाद घर को, फिर शहर की सफाई पर ध्यान आकृष्ट करें। तब जाकर एक स्वच्छ राष्ट्र स्वच्छ का निर्माण होगा। मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, जेई विभूति भूषण, मुकेश कुमार और अजीत टुड्डू सहित कई लोग मौजूद थे।

### आज से सनातनियों के घर पहुंचेगी महायज्ञ समिति



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू में श्रीमदमभागवत कथा की गंगा बहाने की तैयारी में जुटी श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति रविवार से जन-जन को आमंत्रित करने निकलेगी। श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई है। आमंत्रण के पहले चरण में 28 सितंबर को होने वाले हनुमत पूजन में शामिल होने के साथ महायज्ञ में आकर सहभागिता निभाने का आह्वान किया जाएगा। रविवार को सनातन आमंत्रण रथ के साथ महायज्ञ समिति रांची रोड स्थित राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय से सुबह 10 बजे निकलेगी। धर्मनिष्ठ सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय(गुरु पाण्डेय) के निर्देशन पर राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में आमंत्रण रथ नगर भ्रमण के दौरान सर्व सनातन समाज से मुलाकात कर सहभागिता निभाने की अपील करेगी।

## रांची शहर को हरा भरा बनाने की मुहिम में शामिल होंगे पर्यावरणविद कौशल



**पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देख निगम प्रशासन ने मुहिम में शामिल होने का किया अनुरोध**

**पर्यावरणविंद कौशल ने नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार को फिडल लिफ्ट पौधा देकर स्वागत किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के केंद्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल अब झारखंड की राजधानी रांची को हरा भरा बनाने की मुहिम का हिस्सा बनेगे। उन्होंने शुक्रवार को रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार से मुलाकात में सिंगापुर के बेडरूम में रखने वाले फिडल लिफ्ट पौधा देखकर स्वागत किया। इस दौरान पर्यावरण की रक्षा पर विस्तृत चर्चा हुई। निगम प्रशासक ने कौशल किशोर जायसवाल को राजधानी रांचीमें पर्यावरण के संरक्षण को लेकर चल रहे अभियान की जानकारी देते हुए उसमें शामिल होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। इस पर कौशल किशोर ने अपनी सहमति प्रदान करते हुए कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी कि मैं भी अपने सूबे को संवारने में शामिल हो सकूं। उन्होंने कहा कि रांची एकीकृत बिहार का ग्रीष्मकालीन राजधानी हुआ करता था। यहां का मौसम काफी अनुकूल था। लेकिन गाड़ियों व जनसंख्या विस्फोट से अब बदलते दौर में रांची में भी मौसम का मिजाज बदल गया है। ऐसे में हम सभी राज्यवासियों का यह नैतिक दात्यिव बनता है कि राजधानी रांची को फिर से प्रदूषण मुक्त व प्राकृतिक रूप से समृद्ध बनाने में अपना सक्रिय योगदान दे। कौशल ने इसके लिए निगम प्रशासन के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए अभियान में शामिल होने की सहमति दे दी है। रांची निगम प्रशासन ने कौशल किशोर द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में पिछले 57 वर्षों से अपने देश व राज्यों में ही नहीं विदेशों में भी किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए रांची शहर को हरा भरा बनाने की मुहिम में शामिल किया है।

### केक काटकर मनायी खुशी, कहा- महिला आरक्षण ऐतिहासिक तोहफा

## मोदी है तो मुमकिन है : अरुणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय ज्योति लोक होटल सभागार में प्रथम महापौर अरुणा शंकर की ओर से महिला आरक्षण बिल पारित किए जाने की खुशी में आयोजित कार्यक्रम में शहर की गणमान्य महिलाएं शामिल हुई। इस दौरान केक काटकर खुशी जाहिर की गयी। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सब वर्षों से सुन रहे थे कि महिला आरक्षण बिल आएगा पर किसी पार्टी ने बिल को पारित कराने का साहस नहीं जुटाया। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बिल को पारित करा कर हम महिलाओं के सपनों को पूरा कर दिया। यह साबित भी कर दिया कि मोदी है तो मुमकिन है। अरुणा शंकर ने कहा कि अब हम महिलाओं की आवाज विधानसभा से लेकर लोकसभा तक, पंचायत से लेकर निगम तक और भी बुलंद होगी। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सिटू गुप्ता, वार्ड पार्षद कमर हाशमी, अहिल्या गुप्ता, चंचला देवी, हसबुन निशा आदि महिलाओं ने महिला आरक्षण बिल को पारित होने की खुशी में अपने-अपने विचार रखे। बैठक का संचालन विजय ओझा ने किया।


महिला आरक्षण बिल पास होने की खुशी में जश्न मनाती अरुणा शंकर व अन्य महिलाएं।

## विकास कार्यों में सभी की भागीदारी आवश्यक : विधायक कमलेश सिंह

**विधायक ने कब्रिस्तान की चाहरदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के चिकटोली कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य का शिलान्यास शनिवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। इसकी लागत करीब 25 लाख रुपए होगी। विधायक ने कहा कि वह क्षेत्र की एक-एक समस्या के प्रति गंभीर हैं। एनसीपी जात-पात से उपर उठकर विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। उनका दरवाजा सभी के लिए हमेशा खुला है। उन्होंने विकास में सभी को भागीदारी निभाने का आह्वान किया। साथ ही निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। हुसैनाबाद की जनता उनके परिवार की तरह है। क्षेत्र की जनता की समस्याओं को दूर करना उनका कर्तव्य है। क्षेत्र के सभी लोग अपने गांव मुहल्ले की समस्या से उन्हें अवगत कराएं, उनकी समस्या का समाधान कराने में वह पीछे नहीं रहेंगे। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अब्बास अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष जीशान हसन, विमलेश सिंह, विनय पासवान और रहमान राइन आदि मौजूद थे।



### शहादत दिवस पर याद किये गये शहीद दया शंकर



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहादत दिवस के दिन शहीद दया शंकर मिश्रा को पूरे सम्मान के साथ श्रधांजलि दी गयी। बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत बीमोड़ शहादत स्थल पर शहादत सभा आयोजित कर पुलिस व स्थानीय लोगों ने शहादत चबूतरे पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक व संचालन पत्रकार नरेंद्र सिंह ने किया। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि पुलिस लोगों की सुरक्षा व देश की भलाई के लिए हमेशा सर्वोच्च बलिदान देने को तैयार है। बसपा नेता गोपाल राम ने विधायक प्रतिनिधि व सांसद प्रतिनिधि से बीमोड़-उंटारी मोड़ पर शहीद युगंबर दीक्षित द्वार बनवाने की बात कही।

## स्पोर्ट्स



पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने शुक्रवात तक भारतीय वीजा नहीं मिलने की वजह से दुबई के रास्ते भारत आने की अपनी योजना को रद्द कर दी है। अब सीधे हैदराबाद आयेगी।

### वहां कुछ दिन प्रैक्टिस करनेवाली थी पाकिस्तानी टीम

## वीजा में देरी से पाकिस्तान का प्री-वर्ल्ड कप दुबई टूर रद्द

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने शुक्रवार तक भारतीय वीजा नहीं मिलने की वजह से दुबई के रास्ते भारत आने की योजना को रद्द कर दिया है। अब पाकिस्तान की टीम सीधे हैदराबाद आएगी। क्रिकेट की वेबसाइट ने दावा किया कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप प्रैक्टिस मैच के लिए हैदराबाद पहुंचने की योजना दुबई के रास्ते तैयार की थी। टीम को दुबई में कुछ दिन रूकना था। उसके बाद हैदराबाद में होने वाले प्रैक्टिस मैच के लिए भारत आना था। पाकिस्तान को वर्ल्ड कप प्रैक्टिस मैच में 29 सितंबर को हैदराबाद में न्यूजीलैंड से भिड़ना है। वहीं दूसरा प्रैक्टिस इसी ग्राउंड पर तीन अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के




### वर्ल्ड कप में पाकिस्तान अपने अभियान की शुरूआत करेगा नीदरलैंड के खिलाफ

वनडे वर्ल्ड कप की शुरूआत पांच अक्टूबर से भारत में होना है। पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच होना है। पाकिस्तान अपने वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरूआत 6 अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ करेगी। वहीं 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना है।

### 2012-13 के बाद पाकिस्तान ने बाइलैटरल सीरीज के लिए नहीं किया है भारत का दौरा

पाकिस्तान टीम ने टीम इंडिया के साथ वनडे और टी-20 की बाइलैटरल सीरीज के लिए 2012-13 में भारत का दौरा किया था। उसके बाद दोनों टीमों ने बाइलैटरल सीरीज के लिए एक-दूसरे देश के दौरा नहीं किया है। 25 दिसंबर 2012 और 6 जनवरी 2013 के बीच भारतीय दौरे पर आई पाकिस्तान ने तीन वनडे और 2 टी-20 मैचों की सीरीज खेली थी। हालांकि, पाक टीम 2016 में वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय दौरे पर आई थी।

### छात्र संगठन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का प्रावधान सुनिश्चित हो : अभिषेक राज



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य को पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि वोकेशनल कोर्सेस के विधार्थियों की परीक्षा जल्द लिया जाए। स्नातक सत्र 2018-21और सत्र 2019-22 के विद्यार्थियों का जेनेरिक पेपर की परीक्षा जल्द से जल्द संचालित हो। आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ की लगातार त्रुटिया सामने आने के बाद भी कार्यवाही नहीं होती है, जल्द ही इसपर कार्यवाही की जाए। छात्र संगठनों के साथ विश्वविद्यालय प्रसाशन छात्र संवाद स्थापित करें। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक राज ने कहा कि सभी विषय छात्र हित में बेहद महत्वपूर्ण है। अगर इन पर सकरात्मक कार्यवाही विश्वविद्यालय प्रसाशन द्वारा नहीं की जाती है तो हम चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वहीं, कुलपति ने आश्वस्त किया कि जल्द समाधान होगा और अगले महीने से छात्र संवाद भी स्थापित होगा।

## मजदूरों की समस्याओं को लेकर सिद्धार्थ गौतम ने की प्रबंधन से वार्ता



धनबाद (आजाद सिपाही)। पुटकी गोपालीचक कोलियरी के मजदूरों की 15 सूत्री मांगों को लेकर जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम ने गोपालीचक बीसीसीएल प्रबंधक के साथ वार्ता की। प्रोजेक्ट ऑफिसर्स के कार्यालय में हुई वार्ता में सेवानिवृत्त कर्मियों के आवास जमा करने की सूचना देने के बाद नो ड्यूज में विलंब होने पर पेनल्टी काटने के विरोध के अलावा फायर पैच में प्रकाश की व्यवस्था, सीआईएसएफ की तैनाती, मजदूरों के लिए कार्य स्थल पर पेयजल की व्यवस्था आदि की मांग की गई। इस पर प्रबंधन ने समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया है। मौके पर जयप्रकाश सिंह, रमाकांत उपाध्याय, प्रोजेक्ट ऑफिसर एके वर्मा, पर्सनल मैनेजर भरत मल्लिक, संजीत सिंह, अरविंद कुमार सिंह, तेज बहादुर सिंह, धर्मेंद्र भट्ट, नीरज सिन्हा, राजीव लोचन, अनिल कुमार, दिलीप कुमार, गणेश मिश्रा, सुधीर पांडे और राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

## संकल्प यात्रा में झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने का युवा लें संकल्प : अमित



बोकारो (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर शनिवार को सेक्टर-8, 9 और बालीडीह में युवाओं के साथ तीन बैठकें की। यह संकल्प यात्रा बोकारो विधानसभा क्षेत्र में 29 सितंबर को सेक्टर 12 मनसा मैदान में आयोजित होनी है। सेक्टर 9 में आयोजित बैठक की अध्यक्षता भाजपा नेता योगेंद्र कुमार, बालीडीह में जन्मजय गोस्वामी और सेक्टर 8 में कालिन्दी समाज के नेता कृष्णा कालिंदी ने की। तीनों बैठकों में अमित ने लोगों से बड़ी संख्या में संकल्प यात्रा में शामिल होकर झारखंड की हेमंत सरकार को सत्ता से हटाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कहा कि इस सरकार ने समाज के हरेक तबके के साथ छलावा किया है। पूरे झारखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। आदिवासी, दलित, महिलाएं और व्यवसायी सभी असुरक्षित हैं। प्रदेश में अपराध चरम पर है। इस भ्रष्ट सरकार से मुक्ति के लिए ही बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा को और मजबूत करना आवश्यक है। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत घर-घर से मिट्टी भी संग्रह किया। बैठक में शिवानंद बेदिया, लालबाबू, कुलदीप महतो, अनुज कुमार, जीतेंद्र कालिंदी, विक्की कुमार, शिवम, करण, विकाश, अंशु, सागर, मुकेश, सोनू, बिट्टू और नरेश आदि उपस्थित थे।

## डीजल चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार



धनबाद (आजाद सिपाही)। बरवाअड्डा थानांतर्गत जोड़ापीपल के समीप शुक्रवार रात करीब दो बजे कोलकाता-दिल्ली नेशनल हाइवे से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दो डीजल चोरों को हथियार और कार के साथ गिरफ्तार किया। इस बाबत शनिवार को सिटी एसपी अमित कुमार ने धनबाद पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की देर रात गुप्त सूचना मिली के दो समाजविरोधी कार से किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की नीयत से नेशनल हाइवे पर घूम रहे हैं। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए हेडक्वार्टर डीएसपी-1 अमर कुमार पांडेय के नेतृत्व में टीम गठित कर गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी की गई। हालांकि जोड़ापीपल के पार पुलिस को देखकर वे भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक पिस्टल, छह कारतूस, दो मोबाइल फोन और चोरी का 50 लीटर डीजल बरामद किया गया। पकड़े गए अपराधियों की पहचान सरायढेला के बगुला बस्ती निवासी सतोष हाजरा (19) और गोधर केंदुआडीह निवासी दीपक कुमार सिंह के रूप में हुई है। अनुसंधान में पाया गया कि दोनों अपराधियों पर पहले से ही सरायढेला और केंदुआडीह थाने में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। छापामारी टीम में बरवाअड्डा थाना प्रभारी विक्रम कुमार सिंह, अनुसंधानकर्ता धर्मेंद्र सिंह आदि आमिल थे।

**श्रद्धांजलि : बलियापुर विनोद धाम में धूमधाम से मना स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो का 100वां जयंती समारोह**

# विनोद बाबू हम सभी के प्रेरणास्रोत: पीएन सिंह

सांसद पीएन सिंह व विधायक सुदेश महतो समेत कद्दावर नेताओं ने दिवंगत विनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

### 2024 में पूरे झारखंड में धूमधाम से बनायेंगे विनोद बाबू की 101वीं जयंती : सुदेश महतो

### वर्तमान में विनोद बाबू के विचारों और संघर्षों को आत्मसात करने की जरूरत है : जलेश्वर महतो







झारखंड के पुरोधा स्व. विनोद बिहारी महतो की 100वीं जयंती पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे, सिल्ली के विधायक सुदेश महतो, धनबाद के सांसद पीएन सिंह, जलेश्वर महतो, विधायक व अन्य।

आजाद सिपाही टीम

**धनबाद/महुदा/कतरास/बोकारो**। झारखंड के पुरोधा स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो के 100वीं जयंती शनिवार को बलियापुर स्थित विनोद धाम में धूमधाम से मनाया गया। स्व विनोद बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित करने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, सांसद पशुपतिनाथ सिंह, पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी, डुमरी उपचुनाव में आजसू की प्रत्याशी रही यशोदा देवी, आजसू जिलाध्यक्ष मंटू महतो आदि बड़ी संख्या में राजनेता-समाजसेवी पहुंचे थे। सभी ने बारी-बारी से उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्जित कर श्रद्धांजलि दी। विनोद बिहारी महतो के पौत्र एवं पूर्व विधायक राज किशोर महतो के अधिवक्ता पुत्र राहुल महतो ने बीबीएम महाविद्यालय के सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में सभी अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान बीबीएम इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। अपने संबोधन में सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने कहा कि विनोद बाबू और राजकिशोर बाबू का जन्मदिन एक ही दिन है। पिछली बार राजकिशोर बाबू हमारे साथ थे। लेकिन अब राहुल बाबू हैं। उन्होंने कहा कि अपने राज्य को जानने के लिए पहले विनोद बाबू को गहराई से जानना होगा। समाधी स्थल व आसपास के गांव में अच्छी सड़क, बिजली, शिक्षा होना चाहिए। विनोद विचार मंच को बढ़ाने के लिए हम सभी को मिल जुलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि विनोद बाबू के परिवार के साथ राज्यनीति करने का अवसर मिला। विनोद बाबू की 101 वीं जयंती समारोह पूरे राज्य में भव्य रूप से मनाने की तैयारी हम सभी को अभी से ही शुरू कर देनी है। वहीं, धनबाद के सांसद पीएन सिंह ने कहा कि स्व विनोद बाबू ने समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण कार्य किए। खासकर शिक्षा के क्षेत्र में समस्त झारखंड को जागृत किया। जब वह सांसद और विधायक थे तब भी सादगी के प्रतीक थे। उनसे हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस अवसर पर स्वर्गीय राज किशोर महतो ट्रस्ट एंड डायबेक्स चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। कॉलेज के एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने बैंड बजा कर सलामी दी। वहीं, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो करीब 2 किलोमीटर पैदल चलकर विनोद धाम पहुंचे और विनोद बाबू को श्रद्धांजलि दी।

### महुदा, सिजुआ और रामकनाली में भी किये गये नमन

महुदा मोड़ स्थित स्व. बिनोद बिहारी चौक के समीप प्रेम कुमार महतो की अध्यक्षता में शाइनिंग स्टार ग्रुप की ओर से विनोद बाबू की 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, विनोद बाबू की नतनी मधुमिता महतो, जिला परिषद सदस्य आशा देवी, मुखिया सूर्यकान्त महतो, शाइनिंग स्टार ग्रुप के अध्यक्ष प्रेम महतो सहित संस्था के सदस्यों एवं क्षेत्र के समाजसेवी आदि ने विनोद बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में संस्था की ओर से 300 छात्र-छात्राओं के बीच ली गई प्रतियोगी परीक्षा में टॉप-10 प्रतिभागियों को अतिथियों व पत्रकारों के हाथों नगद राशि व उपहार देकर सम्मानित किया गया। जलेश्वर महतो ने कहा कि झारखंड विनोद बाबू के सपनों का परिणाम है। वर्तमान समय में विनोद बाबू के विचारों और संघर्षों को आत्मसात करने की जरूरत है। उनका नारा अधिकार के लिए पढ़ो और हक की रक्षा के लिए लड़ो ने समाज में क्रांति लाई। वहीं रवि महतो शिक्षा एवं स्वास्थ्य विकास समिति की ओर से रवि महतो स्मारक उच्च महुदा में भी झारखंड के पुरोधा विनोद बाबू की जयंती मनायी गयी। सिजुआ स्थित शहीद शक्तिनाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा सह सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित कर झारखंड के पितामह स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की जयंती मनाई गई। रामकनाली यूनियन कार्यालय में झामुमो और बीसीकेयू ने संयुक्त रूप से विनोद बाबू की जयंती मनाई। मौके पर झामुमो नेता राजेंद्र प्रसाद राजा, बीसीकेयू के कंचन महतो, संजय महतो, झामुमो के प्रदीप महतो, दिनेश महतो, संदीप महतो, रूपेश महतो, सुरेश बाउरी, अमृत महतो, शंकर महतो, शक्ति महतो, अमर मोदक, राकेश महतो, राजू राजवार और सोनू राजवार आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, स्व. विनोद बिहारी महतो की जयंती पर बोकारो जिले के रामडीह मोड़ पर स्थित विनोद धाम और चंदनकियारी में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर अजासू के केंद्रीय महासचिव उमाकांत रजक, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो आदि उपस्थित थे।

## जंगल से अधेड़ का शव बरामद, हत्या की आशंका



आजाद सिपाही संवाददाता

**जरीडीह बाजार/ जारंगडीह /बेरमो।** गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित ढोरी माता अस्पताल के समीप जंगल से शनिवार को संदिग्ध परिस्थिति में एक पेड़ के नीचे से 50 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शव को देख लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक का गला नारियल के रस्सी से बंधा हुआ था और उसके चेहरे और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। सिर से खून का रिसाव भी हो रहा था। समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। उधरस घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने सच्चाई का पता लगाने के लिए खोजी कुत्ता का भी सहारा लिया लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को बोकारो के बीजीएच अस्पताल के मर्चरी में रखवा दिया है। गांधीनगर थाना प्रभारी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के करणों का पता चल पाएगा। वैसे पुलिस अपने स्तर से सच्चाई का पता लगाने की कोशिस कर रही है।

## शिक्षा से ही समृद्ध होगा समाज: विधायक प्रमोद




आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** हलवाई वैश्य युवा मंच के तत्वाधान में शनिवार को राजस्थानी धर्मशाला में बाबा गणिनाथ का पूजन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। अपने संबोधन में बिहार के मोतिहारी जिले के भाजपा विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि देश मजबूत होगा तो समाज मजबूत होगा। जब समाज मजबूत होगा तो हमारे बच्चे भी मजबूत होंगे। कहा कि शिक्षा से ही समाज समृद्ध होगा। ऐसे आयोजन से समाज में एकजुटता बढती है।

**उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।**
**(खनन शाखा)**
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि PR 305765 Mines and Geology (23-24).D द्वारा प्रकाशित पतरातु प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय परिसर में भण्डारित 6160 (छः हजार एक सौ साठ) घन फीट लघु खनिज बालू का दिनांक 05.09.2023 को नीलामी अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

पुनः आम नीलामी दिनांक 10.10.2023 को समय 4:30 .बजे अपराह्न में अपर समाहर्ता, रामगढ़ की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 09.10.2023 समय 05.00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्तें यथावत रहेंगी।

ह०/–
अपर समाहर्त्ता, रामगढ़।
PR 307658 Mines and Geology(23-24)D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम–आरती देवी उम्र–30 वर्ष,
रंग–साँवली, उचाँई–4 फिट, 5 ईंच,
पहनावा–नीला रंग का साडी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला आरती देवी, पति–ताराचाँद बेदिया, ग्राम+पोस्ट–गोड़ाडीह थाना–सिल्ली, जिला–राँची है। ये अपने बच्चे हर्श कुमार बेदिया उम्र–2 वर्श को साथ लेकर बगैर बताए कहीं चली गई है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सिल्ली थाना सनहा संख्या–08/23 दिनांक–13.09.23 को दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली, राँची, –94317 70066
थाना प्रभारी, सिल्ली राँची। – 94317 06153

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 307655 Police(23-24)D

**जानकारी : मकोली उत्क्रमित उच्च विद्यालय में चलाया गया बाल अधिकार संरक्षण जागरूकता अभियान**

# स्कूलों में अनुशासन के नाम पर बच्चों को शारीरिक व मानसिक दंड देना कानूनन अपराध: डॉ प्रभाकर कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** फुसरो नगर परिषद में मकोली स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शनिवार को बाल अधिकार सरंक्षण जागरूकता अभियान चलाया गया। इसकी अगुवाई बाल अधिकार कार्यकर्ता सह मनोवैज्ञानिक डॉ प्रभाकर कुमार ने की। इसमें बाल अधिकारों समेत बाल कानून, जेजे एक्ट 2015, पोक्सो कानून 2012, पोक्सो रूल 2020, अनुशासन के नाम पर शारीरिक दंड की परिसीमायें (कॉर्पोरल पनिशमेंट), विद्यालय प्रबंधन व विद्यालय के कर्मियों की जेजे एक्ट 2015 में परिसीमा आदि विषयों से संबंधित जानकारी दी गई। अपने संबोधन



विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी देते डॉ प्रभाकर कुमार व अन्य।

में डॉ प्रभाकर ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 17 के अनुसार स्कूलों में अनुशासन के नाम पर किसी भी तरह का बच्चों को शारीरिक व मानसिक दंड, मानसिक दंश व भेदभाव (कॉर्पोरल पनिशमेंट ) देने पर प्रतिबंध है। किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 82 में यह परिभाषित है कि कॉर्पोरल पुनशिमेंट कृत्य को अंजाम देने वाले व्यक्ति के प्रति करावास व आर्थिक दंड का प्रावधान है। किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75 के तहत बच्चों की केयर व प्रोटेक्शन की जवाबदेही है। स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि स्कूल परिसर के भीतर बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था के लिये जरूरी कदम उठाए। नियमों का उल्लंघन करने पर कारावास व जुर्माने का प्रावधान है। डॉ प्रभाकर ने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम, विभिन्न तरह के बाल उत्पीड़न के प्रकार, बाल दुर्व्यवहार दुव्यापार, भ्रूण हत्या, लिंग भेद व असमानता, पोक्सो कानून 2012 के तहत किसी तरह के बाल अपराध, यौन अपराध होने की जानकारी स्थानीय थाना प्रभारी दें। पोक्सो रूल 2020 के गुड टच-बैड टच, नशा सेवन में बच्चे व रोकथाम के मनोवैज्ञानिक तरीकों, विद्यालयों में पोक्सो जागरूकता कार्यक्रम अनिवार्य रूप, ड्राप आउट बच्चों का पलायन, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल अपराध, गलत संगति आदि की ओर मानव तस्करी, बाल उत्पीड़न की शिकार आदि को चिन्हित पर विस्तार चर्चा की गयी। अंत में बच्चों को बताए गये विषयक से संदर्भित प्रश्न पूछकर बच्चों का उत्साहवर्धन व मनोबल बढ़ाने का कार्य किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक दिनेश महतो, शिक्षक अमीत कुमार दास, कुमार त्रिशूल पानी, चंदन कुमार, जगन्नाथ महतो, मनोज कुमार दास, सुकदेव रजवार, हेमंत कुमार तांती, मनोविज्ञान के विद्यार्थी ऋषभ व दीपक आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**
(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)

**आम सूचना**

एतद द्वारा नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न फर्म/ कम्पनियों/ प्रतिष्ठानो/ दुकानदारो इत्यादि को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं Jharkhand Local Bodies Advertisement Regulation 2017 (JLBAR-2017) के प्रावधानो के अन्तर्गत अपने फर्म/कम्पनी/प्रतिशठान/दुकान का प्रचार–प्रसार हेतु विभिन्न प्रकार के विज्ञापन / प्रदर्शनी लगाने का शुल्क निम्न प्रकार से है, विज्ञापन / प्रदर्शनी लगाने का शुल्क कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा के जन सुविधा केन्द्र में देय होगा –

| विज्ञापन/प्रदर्शनी | सरकारी भूखण्ड | निजी/गैर सरकारी भूखण्ड |
|---|---|---|
| एल0ई0डी0 ओवर साईज | 90/- Per S.ft per Year | 15/- Per S.ft per Year |
| विज्ञापन पट्ट | X | 11.25/- Per S.ft per Year |
| धृति पोल | 90/- Per S.ft per Year | 37.50/- Per S.ft per Year |
| ट्रेफिक ट्रोली | 37.50/- Per S.ft Per week | 37.50/- Per S.ft per week |
| चलन्त वाहन पर प्रचार | 48.75/- Per S.ft Per week | 48.75/- Per S.ft per week |
| बैनर | 1.50/- per S.ft Per week | 1.50/- per S.ft per week |
| तोरण द्वार | 1125/- प्रति अदद for 3 Days | - |
| मेला /सर्कस | X | X |
| दुकानदार व्यवसायिकों द्वारा लगाये गये प्रतिष्ठान दुकान के बाहरी हिस्से में विज्ञापन | 90 रू0 प्रति वर्गफीट के दर से वार्षिक (प्रति वर्ष) | 90 रू0 प्रति वर्गफीट के दर से वार्षिक (प्रति वर्ष) |
| दिवाल पैन्टिग | 48.75/- Per S.ft Per Year | 48.75/- Per S.ft Per Year |

नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्रांतर्गत फर्म/ कम्पनी / प्रतिष्ठान /दुकान का विज्ञापन/प्रदर्शनी लगाने से पूर्व निर्धारित शुल्क कार्यालय, नगर पंचायत कोडरमा के जन सुविधा केन्द्र में जमा कर अनुमति के पश्चात हीं करेगें, अन्यथा नगरपालिका अधिनियम के तहत् संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 307596 Urban Development(23-24)D

## न्यूज रील्स

### यूएन में भारत ने पाक को जम कर लताड़ा

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिये अपने भाषण के दौरान कश्मीर का राग अलापा है। भारत ने प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तान को जमकर लताड़ा है। जवाब देने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे में जो भारतीय क्षेत्र हैं, उन्हें खाली करना चाहिये। सीमा पार आतंकवाद को रोकना चाहिये। उन्होंने पाकिस्तान से कहा कि वह पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ मानवाधिकारों का उल्लंघन भी रोके।

### बिधूड़ी के अपशब्द, 8 पार्टियों ने निंदा की

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में 21 सितंबर को भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश अली को गालियां दीं और धर्म से जुड़ी अभद्र टिप्पणी की। भाजपा सहित देश की 8 राजनीतिक पार्टियों ने बिधूड़ी के बयान की निंदा की। कांग्रेस, डीएमके, एनसीपी और टीएमसी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखा और बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उधर, ओबैसी चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने दावा किया कि बिधूड़ी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी।

# पारादीप बंदरगाह पर कंटेनर टर्मिनल से 20,000 करोड़ का कारोबार हो सकता

**फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन के अनुसार, लॉजिस्टिक्स लागत में 10% की कमी से निर्यात को 5% तक बढ़ावा मिलने की संभावना है।**




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टेनलेस के प्रमुख, लॉजिस्टिक्स, वेंकटेश्वर राव ने कल लॉजिस्टिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ओडिशा के पारादीप पोर्ट पर एक समर्पित कंटेनर टर्मिनल से राज्य के खजाने में 20,000 करोड़ रुपये का कारोबार आने की क्षमता है। वर्तमान में, व्यापार की इस मात्रा से आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों को लाभ होता है। माल ढुलाई की मात्रा के हिसाब से तीसरा सबसे बड़ा बंदरगाह होने के बावजूद, ओडिशा भारत का एकमात्र राज्य बना हुआ है, जिसके पास ऐसा कोई कंटेनर टर्मिनल नहीं है और आयात और निर्यात के लिए विशाखापत्तनम और कोलकाता के बंदरगाहों पर बहुत अधिक निर्भर है। राव भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक दिवसीय शिखर सम्मेलन में भारत के सबसे बड़े स्टेनलेस स्टील निमार्ता जिंदल स्टेनलेस का प्रतिनिधित्व कर रहे थे और इसका उद्देश्य वास्तविक क्षमता को उजागर करने के लिए उद्योग हितधारकों को एक रोडमैप तैयार करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। व्यापार का। जिंदल स्टेनलेस की भागीदारी का उद्देश्य लगातार विकसित हो रहे लॉजिस्टिक्स परिदृश्य में उच्च विकास को बनाए रखने के लिए परिचालन उत्कृष्टता और रणनीतियों की आवश्यकता पर प्रकाश डालना था। शिखर सम्मेलन में ओडिशा सरकार के वाणिज्य और परिवहन, जल संसाधन मंत्री तुकुनी साहू ने भाग लिया; प्रधान सचिव, वाणिज्य एवं परिवहन, ओडिशा सरकार, उषापाधी, आईएएस; एचएजी/ आईआरएसई, प्रधान कार्यकारी निदेशक (पीईडी), गति शक्ति, अनिल के खंडेलवाल, और अध्यक्ष, पारादीप पोर्ट ट्रस्ट, पी एल हरनाध, आईआरटीएस, सहित अन्य। **राव ने कहा,** पारादीप में एक कंटेनर टर्मिनल की स्थापना से बेहतर संसाधन उपयोग की सुविधा मिलेगी, निष्क्रिय समय कम होगा, लाभप्रदता बढ़ेगी और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को अपनाने से देश की नेट जीरो महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप, कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय 400% की कमी आयेगी। वित्त वर्ष 21 में, पारादीप पोर्ट ने ओडिशा में कंटेनर यातायात का मात्र 7% हिस्सा लिया, जो इसकी विशाल अप्रयुक्त क्षमता को उजागर करता है। पूर्वी भारत, विशेष रूप से ओडिशा के एक प्रमुख धातु विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने के साथ, इस विकास को समर्थन देने और बनाये रखने के लिए पारादीप में एक कंटेनर टर्मिनल स्थापित करना अनिवार्य हो गया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन के अनुसार, लॉजिस्टिक्स लागत में 10% की कमी से निर्यात को 5% तक बढ़ावा मिलने की संभावना है। इसलिए, पारादीप में एक समर्पित कंटेनर टर्मिनल का विकास न केवल जिंदल स्टेनलेस और ओडिशा राज्य के लिए बल्कि पूरे देश के लॉजिस्टिक्स पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बहुत बड़ा वादा है - जो आत्मनिर्भर भारत के हमारे सामूहिक लक्ष्य में योगदान देता है।

# सम अस्पताल ने पूरी तरह से स्वचालित रोबोटिक घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी शुरू की







आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के चिकित्सा संकाय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल ने पूरी तरह से स्वचालित रोबोट का उपयोग करके टोटल घुटना रिप्लेसमेंट (टीकेआर) सर्जरी करना शुरू कर दिया है। अस्पताल में ऑथोर्पेडिक्स विभाग के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ) अनिरुद्ध दाश ने कहा, रोबोट बिना किसी त्रुटि के सावधानीपूर्वक काम कर रहा है और हम पिछले छह हफ्तों के भीतर 40 से अधिक ऐसी सर्जरी कर चुके हैं। शुक्रवार को दुनिया का पहला पूरी तरह से स्वचालित सक्रिय सीयूवीआईएस रोबोटिक सिस्टम कहे जाने वाले उपकरण के औपचारिक लॉन्च के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए प्रो (डॉ) दाश ने कहा कि नया उपकरण कई अन्य फायदों के साथ सर्जरी में बेहतर परिशुद्धता और सटीकता सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें छोटे चीरे की आवश्यकता होती है, अधिक लचीलापन मिलता है और संक्रमण का खतरा कम होता है, उन्होंने कहा कि आईएमएस और

**● छह हफ्तों के भीतर 40 से अधिक ऐसी सर्जरी कर चुके हैं।**

सम अस्पताल ऐसी सर्जरी के लिए पूरी तरह से स्वचालित रोबोटिक प्रणाली वाला ओडिशा का पहला अस्पताल बन गया है। सोआ के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए प्रो (डॉ) सचिदानंद महांति ओडिशा सरकार के निदेशक, चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण, डॉ आर्तबंधु नायक मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी खुर्दा, प्रो (डॉ) अशोक महापात्र सोआ के प्रधान सलाहकार (स्वास्थ्य विज्ञान), प्रो (डॉ) संघमित्रा मिश्र डीन आईएमएस और सम अस्पताल और प्रो (डॉ) पुष्पराज सामंत सिंहार अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक, दक्षिण कोरियाई फर्म द्वारा निर्मित रोबोट का विपणन करने वाली कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ उपस्थित थे। कंपनी के एक प्रतिनिधि ने कहा कि आईएमएस और सम हॉस्पिटल देश का पहला मेडिकल कॉलेज है, जिसने संपूर्ण घुटना रिप्लेसमेंट के लिए पूरी तरह से स्वचालित रोबोटिक सर्जरी को अपनाया है। उन्होंने कहा, इसका उद्देश्य अस्पताल को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करना था जहां अन्य अस्पतालों के आथोर्पेडिक सर्जनों को प्रशिक्षित किया जा सके। उन्नत तकनीक अपनाने वाला राज्य का पहला अस्पताल होने के लिए आईएमएस और सम अस्पताल को बधाई देते हुए प्रो (डॉ) महांति ने कहा कि लोगों के लाभ के लिए डिवाइस का उपयोग करने के लिए अन्य अस्पतालों के संकायों को प्रशिक्षित करना महत्वपूर्ण है। प्रो नंदा ने अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी की सफल शुरूआत को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा, "2006 में लीड्स विश्वविद्यालय की यात्रा के दौरान मुझे ऐसी तकनीक के बारे में पता चला था।" उन्होंने कहा कि सोआ में एक रोबोटिक लैब बनाने का प्रस्ताव था। कुलपति ने कहा, इस तरह की तकनीक जटिल सर्जरी में काफी मदद करेगी क्योंकि दुनिया एक नए युग में प्रवेश कर रही है।

# सोआ के संस्थापक अध्यक्ष को आइसीएआइ ने किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रो शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के संस्थापक अध्यक्ष (डॉ) मनोजरंजन नायक को शनिवार को यहां इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के पूर्व भारत क्षेत्रीय परिषद (ईआईआरसी) द्वारा सम्मानित किया गया। 17 अगस्त को आईसीएआई भुवनेश्वर चैप्टर द्वारा सोआ ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का एक सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मुख्य अतिथि और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र मुख्य अतिथि थे। प्रो नायक ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पूरा सहयोग दिया। इसलिए आईसीएआई की ओर से एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी ने प्रो (डॉ) नायक को कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में सम्मानित किया गया। आईसीएआई की भुवनेश्वर शाखा के अध्यक्ष प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष गगन बिहारी संपादक, सरोजकांत वरिष्ठ सदस्य और सोआ के चार्टर्ड अकाउंटेंट, जान्हबी और सीए सम्मेलन की वित्त समिति के सह-अध्यक्ष दिलीप जेना ने सोआ के संस्थापक अध्यक्ष (डॉ) मनोजरंजन से उनके कार्यालय में मुलाकात की ओर सम्मानित किए ।

# दिनकर ने हर दौर में देश को दिशा दिखायी : लक्ष्मण सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार, गिरिडीह।** धनवार विधानसभा स्थित नवागढ़ स्थित अध्ययन स्कूल ऑफ लर्निंग में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अपनी रचनाओं से आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाने वाले राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर का जन्म 23 सितंबर 1908 को बेगूसराय जिले के सिमरिया गांव में हुआ था। अपने संबोधन में राष्ट्रकवि दिनकर को बहुआयामी प्रतिभा का धनी बताया और कहा कि दिनकर ने अपनी कालजयी रचनाओं से राष्ट्रीय चेतना को स्वर देने में अग्रसर रहे। स्वतंत्रता संग्राम में पहले वे एक विद्रोही कवि थे और बाद में उन्हें राष्ट्रकवि का दर्जा प्राप्त हुआ। दिनकर ने हर दौर में देश को दिशा दिखायी। युवा पीढ़ी को दिनकर के जीवन से सबक लेना चाहिए। इस मौके पर उदय सिंह, संजय कुमार, लक्ष्मी नायक, विशेशवर पांडेय, उपेंदर सिंह, महेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

# एनआइए ने संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार, देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रच रहा था

आजाद सिपाही संवाददाता

**इंफाल।** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआइए) ने मणिपुर से एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के अधिकारी ने शनिवार 23 सितंबर को यह जानकारी दी। उनका दावा है कि आरोपी म्यांमार स्थित टेरर ग्रुप का सदस्य है। वो मणिपुर में हो रही जातिया हिंसा का इस्तेमाल देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए करने की साजिश कर रहा था। एनआइए के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी की पहचान मोइरांगथेम आनंद सिंह के रूप में हुई है। उसे पूछताछ के लिए नई दिल्ली लाया गया है। वो उन पांच लोगों में से एक है जिन्हें मणिपुर पुलिस ने उनके गोदाम से लूटे गये हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# प्रदेश भाजपा के विलय उत्सव में कई नेता और कार्यकर्ता पार्टी में शामिल हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रदेश भाजपा विलय महोत्सव। बीजेपी कार्यालय में विलय उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर कई अन्य पार्टियों के नेता और कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हुए हैं। खबरों के मुताबिक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल की मौजूदगी में मयूरभंज जिले के बीजेडी और जेएएम के कई नेता शामिल हुए हैं। उनके कई समर्थक हैं, जिनमें बिजेडी तिरिं ब्लॉक अध्यक्ष परमेश्वर समाड, तिरिं ब्लॉक उपाध्यक्ष पूर्णिमा बरडा, बड़नार्नी पंचायत बीजेडी अध्यक्ष धनाई मारंडी बडडालिमा पंचायत जेएमएम अध्यक्ष यदुनाथ सोरेन के साथ उनके समर्थक सभी बीजेपी में शामिल हुए। इस अवसर पर रायरंगपुर विधायक नब चरण माझी, यशीपुर विधायक गणेश राम सिंह खुंटिया उपस्थित थे।






























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**